उज्जैन
सोमवार
31
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-297
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ महिला को मुंबई ले जाएगी इंदौर पुलिस, उसकी बहन से भी होगी पूछताछ
7 ▸ एशिया कप- भारत ने थाईलैंड को 94 रन से हराया



## क्रिएटिविटी के नाम पर संस्कृति से समझौता न हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस कृति सेनन के रक्षाबंधन एडवर्टाइजमेंट विवाद पर अब उर्वशी रौतेला की प्रतिक्रिया सामने आई है। उर्वशी ने कहा कि वे किसी भी महिला को उसके कपड़ों से जज नहीं करती हैं, लेकिन क्रिएटिविटी के नाम पर सांस्कृतिक संवेदनशीलता से समझौता नहीं होना चाहिए। रक्षाबंधन भारत का बेहद पवित्र त्योहार है और इसकी मर्यादा का ध्यान रखा जाना चाहिए। बता दें कि ज्वेलरी ब्रांड जीवा के इस विज्ञापन में कृति सेनन के इंडो-वेस्टर्न पहनावे को लेकर सोशल मीडिया पर काफी विरोध हुआ था, जिसके बाद ब्रांड ने विज्ञापन को हटा लिया है।

### देश

- एथेनॉल ब्लेंडिंग पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई, याचिका में मांग- पंपों पर बताया जाए पेट्रोल में कितना एथेनॉल मिला रहे
- नेपाल बाढ़- अज्ञात शवों को दफनाना शुरू, सैकड़ों कब्रें तैयार, अबतक 804 मौतें, आरोप- 3 महीने पहले ग्लेशियरों की जानकारी मांगी थी, चीन ने नहीं दी
- दिल्ली के बवाना इलाके के एक प्राइवेट स्कूल में 3 साल की नर्सरी छात्रा के यौन शोषण, स्कूल के कैब ड्राइवर विकास गिरफ्तार
- असम के कामरूप मेट्रो जिले में एनएच-27 पर हुए भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत
- सीबीआई ने ओडिशा से जुड़े 17.22 करोड़ के चिटफंड घोटाले में फरार आरोपी देबब्रत दत्ता को पश्चिम बंगाल से किया गिरफ्तार
- सिंगर अंकित हत्याकांड के 2 शूटर एनकाउंटर में ढेर, यूपी पुलिस की कार्रवाई, हरियाणा भाग रहे थे, 2 आरोपी फरार
- मध्यप्रदेश में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, 1 व 2 सितंबर को कई जिलों में भारी बारिश और आंधी-बिजली की चेतावनी

### विदेश

- पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी अरब की पहली रक्षा बैठक आज, इस्तांबुल में तीनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री मिलेंगे, सैन्य प्रमुख भी शामिल होंगे
- तुर्किये जा रही फेरी बोट समुद्र में पलटी, 7 की मौत, 24 लापता, 270 यात्री सवार थे, बोट के ऊपर चढ़कर जान बचाई
- अमेरिका ने ईरान पर एक महीने बाद फिर हमला किया, होर्मुज के पास रॉकेट लॉन्चर्स पर निशाना, ईरान ने जवाब में जॉर्डन पर मिसाइलें दागीं

### व्यापार

- टॉप-10 में 7 कंपनियों का मार्केट-कैप 1.13 लाख करोड़ घटा, एयरटेल टॉप लूजर, वैल्यू 40,500 करोड़ घटी, टीसीएस की वैल्यू बढ़ी
- सेंसेक्स में 300 अंक की गिरावट, 76,950 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 150 अंक गिरा, मेटल और आईटी शेयर्स में ज्यादा बिकवाली
- फ्लेक्सी-कैप फंड्स ने 1 साल में दिया 20% का रिटर्न, इसमें निवेश करना कम रिस्की
- आईआईटाइन एयरोस्पेस इंजीनियर ला रहा 680 करोड़ का आईपीओ, इनकी कंपनी में शाहरुख-सलमान-सचिन का निवेश, आज से ओपन होगा इश्यू

### कार्टून..




### सावन के बाद सोमवार को भी महाकाल मंदिर में सन्नाटा, सामान्य दिनों जैसी रही भीड़

# आज पांचवीं सवारी में बाबा महाकाल देंगे पांच स्वरूपों में दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सावन का महीना समाप्त होने के बाद आज सोमवार को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में अचानक बड़ी कमी देखने को मिली। सावन के चारों सोमवार और विशेष पर्वों के दौरान जहां बाबा महाकाल के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा था, वहीं आज मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम भीड़ नजर आई। हालांकि आज सोमवार होने के साथ ही भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया भी है और सुबह बाबा महाकाल की भस्म आरती विधि-विधान से संपन्न हुई। आज सुबह 2.30 बजे मंदिर के पट खुले और भस्म आरती के दौरान बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया।



**सावन में लाखों की भीड़, अब बदला नजारा**

सावन के दौरान महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार रिकॉर्ड स्तर पर रही। सावन के अंतिम सोमवार, 24 अगस्त को ही बाबा महाकाल की सवारी में करीब 7.50 लाख श्रद्धालुओं की मौजूदगी दर्ज की गई थी। आज सुबह 9 बजे तक एसी स्थिति देखने को मिली दोपहर बाद भीड़ बढ़ने की संभावना हो सकती है। इसके मुकाबले आज मंदिर क्षेत्र में भीड़ काफी सामान्य दिखाई दी। दर्शन मार्गों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें और धक्का-मुक्की वाला माहौल नहीं रहा। इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अपेक्षाकृत आसानी से दर्शन का अवसर मिला।

#### पांचवीं सवारी आज, फिर भी मंदिर में कम दबाव

आज 31 अगस्त को सावन-भादौ मास की पांचवीं सवारी भी निकलेगी। बाबा महाकाल नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देंगे। सवारी के दौरान बाबा पांच स्वरूपों में दर्शन देंगे। इसके बावजूद दिन के शुरूआती समय में मंदिर में वैसी भीड़ नहीं दिखी जैसी सावन के सोमवारों के दौरान देखने को मिली थी। प्रशासन के लिए भी यह स्थिति राहत वाली मानी जा सकती है, क्योंकि भारी भीड़ के समय दर्शन व्यवस्था, यातायात, पार्किंग और सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त दबाव रहता है।

#### श्रद्धालुओं के लिए राहत का समय

सावन की भीड़ के बाद आज का अपेक्षाकृत शांत माहौल उन श्रद्धालुओं के लिए राहत भरा रहा जो बिना लंबी कतार और अधिक इंतजार के बाबा महाकाल के दर्शन करना चाहते हैं। मंदिर प्रशासन के लिए भी सामान्य भीड़ के बीच व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखना आसान रहा।

#### सावन खत्म होते ही घटा श्रद्धालुओं का दबाव

- महाकाल मंदिर में सावन के दौरान देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आठ दिनों में ही 29 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के दर्शन करने की जानकारी सामने आई थी।
- अब सावन समाप्त होने के बाद धार्मिक पर्यटन का दबाव कुछ कम होता नजर आ रहा है। हालांकि भादौ मास की सवारियां और आगामी शाही सवारी के चलते आने वाले दिनों में फिर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना है। 7 सितंबर को बाबा महाकाल की शाही सवारी प्रस्तावित है, जिसके लिए एक बार फिर उज्जैन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई तेज, प्रदेश में 4642 सैंपल लिए, 680 की जांच में 174 अमानक

# दूध-घी की शुद्धता पर सवाल: उज्जैन में घी के तीन सैंपल फेल, एनालॉग पनीर भी जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रक्षाबंधन सहित आगामी त्योहारों के मद्देनजर दूध और इससे बने खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान में उज्जैन में भी मिलावटखोरी की तस्वीर सामने आई है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए गए घी के तीन सैंपल जांच में फेल हुए हैं। इसके अलावा शहर में कार्रवाई के दौरान एनालॉग पनीर भी जब्त किया गया है। इस कार्रवाई से त्योहारों के दौरान बाजार में बिकने वाले दूध, घी, मावा, पनीर और मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं।

नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में दूध और इससे बने उत्पादों



की जांच के लिए 20 जुलाई से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 4642 सैंपल लिए जा चुके हैं, जिनमें से 680 सैंपलों की जांच पूरी हुई है। जांच में 174 सैंपल अमानक पाए गए हैं। विभाग द्वारा लगातार नमूने लिए जा रहे हैं और जिन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिल रही है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

#### बड़े शहरों में मिलावट का कारोबार

जारी रिपोर्ट के अनुसार दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट के मामले प्रदेश के बड़े शहरों में अधिक सामने आ रहे हैं। इनमें उज्जैन भी शामिल है। धार्मिक नगरी होने के कारण उज्जैन में वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। त्योहारों और विशेष अवसरों पर दूध, मावा, घी, पनीर तथा मिठाइयों की मांग और बढ़ जाती है। ऐसे में इन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना खाद्य सुरक्षा विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। अभियान के दौरान उज्जैन में घी के तीन नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे। वहीं कार्रवाई के दौरान एनालॉग पनीर की जब्ती भी की गई। एनालॉग पनीर को लेकर विभाग द्वारा खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता और उसके उपयोग की जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत सामग्री का उपयोग पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### त्योहारों में बढ़ जाती है मांग

रक्षाबंधन के साथ ही आने वाले त्योहारों को देखते हुए बाजार में दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ती है। इसी का फायदा उठाकर कुछ कारोबारी अधिक मुनाफे के लिए मिलावटी या घटिया सामग्री बाजार में खपाने का प्रयास करते हैं। विभाग का विशेष अभियान इसी तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

## 12 लाख की कार 3 लाख में!

### सरकारी और बैंक नीलामी से सस्ती गाड़ी खरीदने का मौका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अगर आप कम कीमत में कार खरीदने की तैयारी कर रहे हैं तो सरकारी और बैंक की ई-नीलामी आपके लिए एक विकल्प हो सकती है। हाल ही में सामने आई जानकारी के अनुसार कुछ मामलों में करीब 12 लाख रुपये कीमत वाली कार की शुरूआती बोली 3 लाख रुपये के आसपास हो सकती है। हालांकि अंतिम कीमत नीलामी में लगने वाली बोली पर निर्भर करती है।

ऐसी नीलामियों में बैंक द्वारा जब्त वाहन और सरकारी विभागों के पुराने या अनुपयोगी वाहन शामिल हो सकते हैं। एमएसटीसी जैसे आधिकारिक ई-नीलामी मंच पर वाहन संबंधी नीलामी आयोजित होती हैं। एमएसटीसी के पोर्टल पर वाहन नीलामी की प्रक्रियाएं और आगामी नीलामी की जानकारी उपलब्ध रहती है।

#### सिर्फ 3 लाख में मिलना तय नहीं

ध्यान रखना जरूरी है कि 3 लाख रुपये कोई निश्चित खरीद कीमत नहीं है, बल्कि किसी वाहन की शुरूआती बोली हो सकती है। नीलामी में दूसरे खरीदारों की बोली बढ़ने पर वाहन की अंतिम कीमत काफी अधिक हो सकती है। खरीदारी से पहले वाहन की स्थिति, कागजात, बकाया कर या चालान, नीलामी की शर्तें और भुगतान प्रक्रिया की अच्छी तरह जांच करना जरूरी है। आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध नियमों के अनुसार ही बोली लगानी चाहिए। यानी 12 लाख की कार 3 लाख में मिल सकती है, लेकिन यह कोई सरकारी सब्सिडी योजना नहीं है—यह नीलामी में कम शुरूआती कीमत पर वाहन खरीदने का अवसर है।

## विदेशी बाजार में कारोबार बढ़ाने वालों को सरकार देगी सहायता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विदेशों में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाने और निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत बाजार पहुंच सहायता की व्यवस्था की है। इसके तहत पात्र निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों, खरीदार-विक्रेता बैठकों, व्यापार प्रतिनिधिमंडलों और बाजार विस्तार से जुड़ी गतिविधियों में सहायता मिल सकती है। इस योजना का उद्देश्य भारतीय कारोबारियों को विदेशी खरीदारों से जोड़ना और नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश का अवसर देना है। हालांकि, यह बिना शर्त सीधे नकद राशि देने की योजना नहीं है। सहायता निर्धारित पात्रता, गतिविधि और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मिलेगी।

## न्यूयॉर्क में भागवत के कार्यक्रम से पहले तिरंगे का अपमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम स्थल के बाहर भारतीय झंडे के अपमान का मामला सामने आया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर घटना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- आरएसएस, बीजेपी या सरकार की आलोचना करने की आजादी है, लेकिन हमारे झंडे और मेरे देश का अपमान मत करो। यह बहुत महंगा पड़ेगा।

### टिकट बंटवारे में कथित अनदेखी और मनमानी से नाराज

# भाजपा के 70 नेताओं-कार्यकर्ताओं ने दिया एक साथ इस्तीफा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भीलवाड़ा

निकाय चुनाव से पहले राजस्थान के भीलवाड़ा में भारतीय जनता पार्टी के भीतर टिकट वितरण को लेकर असंतोष खुलकर सामने आ गया है। टिकट बंटवारे में कथित अनदेखी और मनमानी से नाराज करीब 70 भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। एक साथ बड़ी संख्या में इस्तीफे सामने आने से पार्टी संगठन में हलचल तेज हो गई है और चुनाव से पहले नेतृत्व के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। नाराज कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पार्टी के लिए वर्षों से जमीन पर काम करने वाले और संगठन को मजबूत करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकताओं की जगह ऐसे दावेदारों को टिकट देने की तैयारी की जा रही है, जिनका संगठन में योगदान अपेक्षाकृत कम रहा है।

#### चयन प्रक्रिया पर भी उठे सवाल

वार्ड 20 के शक्ति केंद्र अध्यक्ष धनपत सिंह चंडालिया ने भी टिकट चयन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई। उनका कहना है कि यदि पार्टी के समर्पित और पुराने कार्यकर्ताओं को ही टिकट के मामले में नजरअंदाज किया जाएगा तो इसका असर संगठन की एकजुटता और चुनावी प्रदर्शन पर पड़ सकता है। बताया जा रहा है कि करीब 20 वर्षों से भाजपा से जुड़े एक कार्यकर्ता ने भी इस्तीफा देकर टिकट वितरण को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया है। इससे पहले पार्टी की महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से भी टिकट को लेकर नाराजगी सामने आ चुकी है।

### ग्वालियर में रिश्वतखोरी पर नहीं लग रहा अंकुश

# 19 महीनों में 37 अधिकारी-कर्मचारी रंगे हाथ गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

सरकारी दफ्तरों में काम कराने के लिए रिश्वत मांगने और लेने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। लोकायुक्त पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक 1 जनवरी 2025 से अगस्त 2026 तक करीब 19 महीनों में 9 सरकारी विभागों के 37 अधिकारी और कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए। इनमें सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग और नगर निगम से जुड़े बताए जा रहे हैं। लगातार सामने आ रहे मामलों ने सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जमीन के काम के बदले 15 हजार की मांग-** एक मामले में सिरसौद क्षेत्र की महिला पटवारी पर जमीन के सीमांकन और नामांतरण की प्रक्रिया के बदले 15 हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगा। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त ने मामले का सत्यापन किया और कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान महिला पटवारी को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। राजस्व विभाग में जमीन से जुड़े कामों के लिए रिश्वत मांगने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा और राजस्व रिकॉर्ड में सुधार जैसे काम आम लोगों के लिए जरूरी होते हैं। ऐसे में इन कार्यों के लिए कथित रूप से पैसे मांगने के मामलों को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जाती है।

#### रिटायरमेंट से एक दिन पहले नगर निगम के इंजीनियर पर कार्रवाई

एक अन्य मामले में ग्वालियर नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सुशील कटारे को रिटायरमेंट से ठीक एक दिन पहले 6 हजार रुपए की कथित रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि उन्होंने ठेकेदार की भुगतान संबंधी फाइल आगे बढ़ाने के बदले कमीशन की मांग की थी। शिकायत के बाद लोकायुक्त ने कार्रवाई करते हुए उन्हें रिश्वत लेते पकड़ा। रिटायरमेंट से ठीक पहले हुई इस कार्रवाई ने भी विभागीय कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी व्यवस्था पर चर्चा छेड़ दी है।

#### 9 विभागों तक पहुंचा रिश्वतखोरी का दायरा

लोकायुक्त के अनुसार जनवरी 2025 से अगस्त 2026 के बीच 9 सरकारी विभागों के 37 अधिकारी-कर्मचारी रिश्वत के मामलों में कार्रवाई की जद में आए। इनमें राजस्व और नगर निगम से जुड़े मामले प्रमुख बताए जा रहे हैं। आंकड़े यह सवाल भी खड़ा करते हैं कि जब लगातार ट्रैप कार्रवाई हो रही है तो सरकारी कार्यालयों में रिश्वत मांगने का सिलसिला आखिर क्यों नहीं रुक रहा।

## एचडीएफसी बैंक के सीईओ सशिधर जगदीशन छोड़ेंगे पद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एचडीएफसी बैंक के एमडी और सीईओ सशिधर जगदीशन ने तीसरे कार्यकाल के लिए दोबारा नियुक्ति नहीं लेने का फैसला किया है। उनका वर्तमान कार्यकाल 26 अक्टूबर 2026 को समाप्त होगा। इसके बाद वे बैंक के सीईओ पद से हट जाएंगे। जगदीशन ने अक्टूबर 2020 में एचडीएफसी बैंक की कमान संभाली थी और उनके कार्यकाल में एचडीएफसी लि. का एचडीएफसी बैंक में विलय भी हुआ। अब बैंक का बोर्ड नए सीईओ की तलाश में जुट गया है। आंतरिक उम्मीदवारों में डिप्टी एमडी कैजाद भरूचा का नाम प्रमुखता से सामने आया है, जबकि बाहरी उम्मीदवारों पर भी विचार किया जा रहा है। इससे पहले मार्च 2026 में बैंक के तत्कालीन चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने भी इस्तीफा दिया था। लगातार शीर्ष स्तर पर हुए इन बदलावों के कारण बैंक की कॉरपोरेट गवर्नेंस को लेकर बाजार में चर्चा तेज है।





ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, सोमवार 31 अगस्त, 2026



## खबर एक नजर...

### प्रो. दीपिका गुप्ता के सम्मान में विदाई समारोह आज

**उज्जैन।** विक्रम विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान अध्ययन शाला की प्रोफेसर और पूर्व डीन दीपिका गुप्ता आज 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रही हैं। उनके 37 वर्ष के दीर्घकालीन और गरिमामय शैक्षणिक अनुभव के सम्मान में विभाग द्वारा आज दोपहर 12 बजे एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया है। प्रोफेसर गुप्ता 1990 में विक्रम विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के रूप में शामिल हुई थीं और तब से उन्होंने शिक्षण, शोध और प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है। राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में उनका शोध कार्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है और उनके पास 42 वर्षों का विशाल शोध अनुभव है। उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन सहित 20 से अधिक देशों में अकादमिक भ्रमण किया है। वर्ष 2006 में अमेरिकी विदेश विभाग के नेशनल सिक्योरिटी कार्यक्रम में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व भी किया था। उनके कुशल मार्गदर्शन में 42 शोधार्थियों ने पीएचडी और सैकड़ों विद्यार्थियों ने एम.फिल. की उपाधि प्राप्त की है। आज होने वाले समारोह में विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित होकर उनके सम्मान में विचार रखेंगे।

### भुजरिया पर्व पर सर्व सेन समाज ने किया राज्यसभा सांसद उमेश नाथजी का सम्मान

**उज्जैन।** भुजरिया पर्व के अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर के शहनाई द्वार से निकली जाहर वीर गोगादेव की छड़ियों के चल समारोह का महाकाल चौराहे पर सर्व सेन समाज द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। वीरेंद्र परमार ने बताया कि इस दौरान समाजजनों ने वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर राज्यसभा सांसद उमेश नाथजी महाराज का शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला व महाकाल का दुपट्टा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। स्वागत समारोह में समाज की संत मीरा सेन दीदी, झोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, मनोहर परमार, सुरेंद्र सेन, सुरेश सोलंकी, शिवनारायण झाला, प्रेमचंद यादव, लाखन सेन, जगदीश देवड़ा, सुनील वर्मा, महावीर सेन, शिवशंकर वर्मा, रवि वर्मा, धर्मेंद्र परमार, धर्मेंद्र खोरिया, अर्पित वर्मा, सुशील गंगवाल, विजय यादव और शिव सराठे आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों में संस्कार रोपने 3 अक्टूबर को होगी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**उज्जैन।** युवा पीढ़ी में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा 3 अक्टूबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में एक साथ संपन्न होगी। जिला संयोजक बाबूलाल बड़ोलिया ने बताया कि परीक्षा शनिवार 3 अक्टूबर को 12 से 1 बजे तक विद्यार्थियों की अपनी ही शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित होगी। इसमें कक्षा 5 से 12वीं तक और महाविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में भारतीय संस्कृति का गौरवबोध, नैतिकता, चरित्र निर्माण, कर्तव्यपरायणता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। परीक्षा के लिए कक्षा 5वीं व 6वीं की पुस्तक का मूल्य 35 रुपए, कक्षा 7वीं से 12वीं तक 40 रुपए और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 50 रुपए निर्धारित किया गया है। गायत्री परिवार ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं, प्राचार्यों, शिक्षकों और पालकों से अधिकाधिक विद्यार्थियों को इस अभियान में शामिल करने का अनुरोध किया है।

### राखी से पहले धन्वंतरि कॉलेज के कर्मचारियों को मिला अटका वेतन, प्राचार्य का किया सम्मान

**उज्जैन।** रक्षाबंधन के त्योहार से ठीक पहले धन्वंतरि आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके लंबित वेतन का भुगतान हो गया है। समय पर वेतन मिलने से कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। वेतन समस्या के त्वरित निराकरण और कर्मचारियों के हित में कदम उठाने पर मध्य प्रदेश राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने प्राचार्य श्री व्यास का सम्मान किया। संघ के प्रदेश मंत्री और उज्जैन संभाग प्रभारी गुलशन मंसूरी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्राचार्य का आभार जताया। गौरतलब है कि संघ ने कुछ दिन पहले ही लंबित वेतन को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इस पर तुरंत कार्रवाई होने से कर्मचारियों की बिना वेतन राखी मनाने की चिंता दूर हो गई। सम्मान के अवसर पर डॉ. प्रकाश जोशी, डॉ. आशीष शर्मा, राधामोहन शर्मा और विजय परिहार सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे। प्रदेश मंत्री मंसूरी ने बताया कि कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन और एरियर के संबंध में प्राचार्य से चर्चा की गई है। इसके अलावा महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश और सभी कर्मचारियों को हर महीने एक आकस्मिक अवकाश देने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई है। वर्तमान में छुट्टी लेने पर कर्मचारियों का वेतन काटा जा रहा है। इन सभी मांगों और पात्र सुविधाओं के निराकरण के लिए संबंधित कंपनी से आवश्यक पत्राचार करवाया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। संगठन ने कहा है कि कर्मचारियों को उनके अधिकार दिलाने के लिए प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# युवा कांग्रेस का अल्टीमेटम 15 दिन में व्यवस्था नहीं सुधरी तो बंद की चेतावनी

## एसपी को सौंपा ज्ञापन, अपराधियों पर रासुका लगाने की मांग, पुलिस ने निकाला 4 आरोपियों का जुलूस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर में लगातार बढ़ रही गुंडागर्दी और हाल ही में हुई पांच जघन्य हत्याओं के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है कि यदि शहर की कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन कर पूरा उज्जैन शहर बंद कराया जाएगा। इसी बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले के 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस भी निकाला है।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि शहर के विभिन्न मार्गों पर तत्काल चेकिंग पोस्ट लगाए जाएं। चेकिंग के दौरान चाकू और अन्य हथियारों के साथ पकड़े जाने वाले अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही शहर में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए ताकि आम जनता में व्याप्त भय का माहौल खत्म हो सके। ज्ञापन में बताया गया कि बीते कुछ समय में आपसी विवाद के चलते पांच हत्याएं हो चुकी हैं, जिससे परिवारों का रात के समय घर से निकलना मुश्किल हो गया है। धार्मिक नगरी होने के कारण इन घटनाओं से बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के बीच भी शहर की छवि खराब हो रही है।

### एसपी ने दिया व्यवस्था सुधारने का आश्वासन

अर्पित यादव ने कहा कि महाकाल की नगरी में गुंडागर्दी अपने चरम पर पहुंच चुकी है और पुलिस प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। यदि इन 15 दिनों में पुलिस शहर में अमन-चैन और शांति स्थापित करने में विफल रहती है, तो युवा कांग्रेस पूरे उज्जैन को बंद कर उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि आगामी 15 दिनों में शहर की कानून व्यवस्था को सुचारू और पूरी तरह से व्यवस्थित कर दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ नेता देवव्रत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह चंदेल, बबलू खिंची, हेमांशु शुक्ल, धर्मेन्द्र ठाकुर, रोबिन चोपड़ा, अमित शर्मा, यश जैन, मुकेश यादव, दीपेश जैन, कुलदीप, संदीप पवार, अश्विन मावरी और मयूर तिनखेड़े सहित कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गूंजी कथक की लयात्मक झंकार, दशावतार ने किया भावविभोर

## छह दिवसीय कार्यशाला का समापन, भगवान विष्णु के 10 अवतारों को कलाकारों ने मंच पर किया जीवंत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी (मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल) तथा वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय कथक कार्यशाला 'राग सेवा' का भव्य समापन हुआ। कालिदास अकादमी के पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल सभागार में आयोजित इस समारोह में नवोदित और युवा कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में संस्कार भारती का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दो घंटे तक चली 'दशावतार' की भव्य नृत्य प्रस्तुति रही। कलाकारों ने भगवान विष्णु के दस अवतारों– मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, श्रीराम, श्रीकृष्ण, बुद्ध और कल्कि की कथाओं को भावपूर्ण कथक नृत्य की बंदिशों, उठान, तिहाई और आकर्षक भाव-भंगिमाओं के माध्यम से मंच पर जीवंत किया। सांस्कृतिक प्रस्तुति के बाद संगतकारों और होनहार कलाकारों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समारोह को उज्जैन रेंज डीआईजी नवनीत भसीन, वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान के संरक्षक राजेश सिंह कुशवाह, संस्कार भारती के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं मप्र संस्कृति परिषद सदस्य श्रीपाद जोशी, कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे और उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर ने संबोधित किया। वक्ताओं ने भारतीय शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया।

इससे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था सचिव समीर पटवर्धन ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य प्रशिक्षक पलक पटवर्धन ने 19 से 24 अगस्त तक आयोजित इस कार्यशाला और प्रतिभागियों के परिश्रम की जानकारी दी।

संस्कार भारती के मीडिया प्रभारी जयंत तेलंग ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज और संस्कार भारती उज्जैन के महामंत्री दुर्गेश सूर्यवंशी ने किया। अंत में समीर पटवर्धन ने आभार माना और पं. कुलदीप दुबे के नेतृत्व में सामूहिक वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### उज्जैन के पांच साहित्यकारों को सम्मानित करेगा लेखक संघ

#### प्रदेश के 30 साहित्यकारों की हुई घोषणा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश लेखक संघ भोपाल द्वारा वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने साधारण सभा की बैठक में चयनित 30 साहित्यकारों के नामों का ऐलान किया। इस सूची में उज्जैन के पांच वरिष्ठ साहित्यकारों का चयन किया गया है, जो शहर की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और सक्रियता को दशार्ता है।

मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन इकाई के सचिव हरीशकुमार सिंह ने बताया कि मालवी कवि व साहित्यकार शिव चौरसिया तथा विक्रम विश्वविद्यालय हिंदी अध्ययन शाला के पूर्व अध्यक्ष हरिमोहन बुधौलिया को प्रतिष्ठित सारस्वत सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके अलावा मालवी साहित्यकार राजेश रावल को देवेन्द्र जोशी हिन्दी-मालवी साहित्य सेवी सम्मान, वरिष्ठ गीतकार राम प्रकाश तिवारी को हरि ॐ शरण चौबे गीतकार सम्मान और वरिष्ठ कवि व साहित्यकार श्रीकृष्ण जोशी को हरीश निगम स्मृति मालवी भाषा सम्मान प्रदान किया जाएगा। चयन समिति और कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित इन सभी साहित्यकारों को इस वर्ष के अंत में भोपाल में आयोजित होने वाले प्रांतीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# सनातन क्लब का नाम बदलकर हुआ सनातन मंच

## बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय, आगामी धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संरक्षण में शहर में कई वर्षों से भव्य धार्मिक आयोजन करने वाले सनातन क्लब का नाम बदलकर अब सनातन मंच कर दिया गया है। जगती गार्डन में आयोजित 100 से अधिक सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही प्रकाश यादव को सनातन मंच का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

सनातन मंच द्वारा शहर में माधव कॉलेज ग्राउंड पर गुड़ी पड़वा सहित अन्य बड़े आयोजन किए जाते हैं। पूर्व में यह कार्यभार करण परमार और निर्मला परमार द्वारा संभाला जाता था। अब 2026 के आगामी सभी धार्मिक कार्यक्रम नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश यादव के नेतृत्व में भव्य रूप से आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरि और पंडित मिश्रीलाल मिश्रा शामिल हुए। अतिथियों और सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया।

बैठक में चंद्रपाल, वासुदेव कुरील, विजय चांदना, उमेश लिरोरिया, जयदीप चिनौले, योगेश बंडेवार, महेंद्र सोलंकी, धर्मेंद्र सिंह नकुम, सुनील बामनिया, प्रतीक जैन, जितेंद्र राव, शुभम चौहान, आशीष जैन, रोहित सिलोले, सोनल मुंगी, सात्विक मुंगी, पूजा सिंह दीक्षित, पवन वाघमारे, नितेश पंवार, परेश कुलकर्णी, केसर सिंह सिसोदिया, लक्की परमार, शिवम सिंह भदौरिया, अक्षय राज सिंह सिसोदिया, सक्षम सिंह भदौरिया, वैभव भदौरिया, मयंक सिंह सोलंकी और डॉ. जीवन सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। उपस्थित सदस्यों ने आगामी आयोजनों को भव्य रूप देने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे।

### मेधावी विद्यार्थियों और वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान 17 को

**उज्जैन।** शहर की शैक्षणिक और सामाजिक संस्था जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा मरहूम हाजी रफीक अहमद सिद्दीकी की स्मृति में वरिष्ठ शिक्षकों एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 17 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। संस्था के जमीर उल हक और फरीद कुरैशी ने बताया कि समारोह में अपने शैक्षणिक जीवन में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। नईम खान और मंसूर हुसैन के अनुसार, वर्ष 2026 की वार्षिक परीक्षा में 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी भी इस सम्मान के पात्र होंगे।

### चौड़ीकरण में हटने वाले मंदिरों के लिए बनें नए देवालय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मास्टर प्लान के तहत शहर में चल रहे मार्ग चौड़ीकरण की जद में आने वाले धार्मिक स्थलों को सम्मानपूर्वक दोबारा स्थापित करने की मांग उठी है। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने मध्य प्रदेश धर्मस्व विभाग से मांग की है कि रास्तों से हटाए जा रहे समस्त मंदिरों के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में सुव्यवस्थित देवालय बनाए जाएं।

सुरेंद्र सांखला ने कहा कि तीन दशक बाद हो रहा मार्ग चौड़ीकरण का कार्य सराहनीय है, लेकिन रास्तों पर विराजमान देवी-देवताओं का सम्मान भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिर सड़कों पर और देवी-देवता नाली के मटमैले पानी पर नहीं रहने चाहिए। रास्तों पर देवी-देवताओं का स्थान नहीं होना चाहिए, वे पूजनीय हैं, उपेक्षित नहीं। सभी धार्मिक स्थलों को उनकी परंपराओं और मान्यताओं के आधार पर दोबारा स्थापित किया जाना चाहिए।

सांखला ने कहा कि उज्जैन आस्था का केंद्र है और विकास के साथ आस्था का संतुलन जरूरी है। उन्होंने धर्मस्व विभाग से सक्रियता दिखाने की मांग करते हुए कहा कि चौड़ीकरण में आने वाले इबादत घर और मस्जिद भी नियमानुसार व्यवस्थित किए जाने चाहिए ताकि शहर का सुव्यवस्थित विकास हो सके।

#### नागपुर के विनोद वखरे ने दी शानदार प्रस्तुति

# संतवाणी में गूंजे गजानन महाराज के भजन, संगीतमय पारायण में रमे श्रोता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




श्रावण माह के अवसर पर मराठी साहित्य अकादमी द्वारा कालिदास संस्कृत अकादमी के कला संकुल में 'संतवाणी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नागपुर से आए कलाकार विनोद वखरे एवं उनके समूह ने शेगांव निवासी संत गजानन महाराज के ग्रंथ 'श्रीगजानन विजय' पर आधारित भजनों का संगीतमय पारायण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन, मराठी साहित्य अकादमी भोपाल के निदेशक संतोष गोडबोले, कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे, संस्कार भारती के पदाधिकारी श्रीपाद जोशी, महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर और पूर्व पार्षद डॉ. राजश्री राजेंद्र जोशी उपस्थित थीं। इस अवसर पर डॉ. राजश्री राजेंद्र जोशी ने बताया कि मुख्य कलाकार विनोद वखरे अब तक देश-विदेश में 55 से अधिक प्रस्तुतियां दे चुके हैं।

# श्री गजानन महाराज मंदिर में पूणार्हुति के बाद निकली शोभायात्रा

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ विष्णु सहस्त्रनाम यज्ञ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा संचालित श्री गजानन महाराज मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। कथा की पूणार्हुति के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान की आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें उज्जैन नगर के मराठी समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ कमाया।

कथा के दौरान पुणे महाराष्ट्र से पधारे कथा व्यास हरि भक्ति परायण हर्षदबुवा जोगलेकर ने श्रद्धालुओं को भगवान की लीलाओं के प्रसंग सुनाते हुए जीवन में भक्ति का महत्व बताया। इस अवसर पर उज्जैन के वेद मूर्ति संदीप शर्मा ने संस्कृत संहिता का वाचन किया। सात दिवसीय आयोजन के दौरान श्री विष्णु सहस्त्रनाम यज्ञ भी किया गया, जिसे वेद मूर्ति प्रसाद वेरुलकर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया।

#### साइकिल यात्रा में गूंजा खेलेगा भारत जीतेगा भारत का संदेश

# सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल, रामकृष्ण मिशन और खेल विभाग के आयोजन में उमड़े शहरवासी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' थीम पर संडे साइकिल राइड का आयोजन किया गया। सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल, रामकृष्ण मिशन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कोठी पैलेस से केडी पैलेस तक निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में साइकिल चालकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

यात्रा सुबह 7 बजे कोठी पैलेस से शुरू हुई। शुभारंभ से पूर्व हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया गया। मार्ग भर साइकिल चालकों ने 'साइकिल चलाएंगे, पर्यावरण बचाएंगे', 'साइकिल को आदत बनाएं, शर्म नहीं' और 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' का संदेश दिया।

कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन के स्वामी कार्तिकअनुभवानन्द, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा तथा सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर ने दैनिक जीवन में फिटनेस और साइकिल चलाने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था सचिव विवेक मेश्राम, खेल शिक्षक प्रवीण गौतम, रामकृष्ण मिशन के स्वयंसेवक और खेल विभाग के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। केडी पैलेस पहुंचकर यात्रा संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन जाल सेवा स्कूल के खेल शिक्षक अनिल निकम ने किया और आभार डॉ. उदित्य सिंह सेंगर ने माना।

### नानाखेड़ा से संचालित हो रही सर्वसमाज के लिए निःशुल्क अंतिम यात्रा सेवा

**उज्जैन।** शहर में सर्वधर्म और सर्वसमाज के लिए संचालित निःशुल्क अंतिम यात्रा सेवा 'वाल्मीकि रथ मुक्ति वाहन' ने अपना एक वर्ष पूरा कर लिया है। स्व. अशोक कुमार झांझोट की स्मृति में शुरू हुई इस सेवा के माध्यम से बीते एक साल में 700 से अधिक पार्थिव देहों को सम्मानपूर्वक मुक्तिधाम पहुंचाया गया है। नानाखेड़ा स्थित प्रकाश एवर फ्रेश से संचालित यह सेवा दुख की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों का बड़ा सहारा बनी है। वाहन के संचालन और जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने की मुख्य जिम्मेदारी ठाकुर अर्जुन सिंह पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। उनके प्रयास से दिन हो या रात, सूचना मिलने पर तत्काल मुक्ति वाहन उपलब्ध कराया जाता है। इस पुनीत कार्य को निरंतर जारी रखने में वाहन मालिक और विशेष आर्थिक सहयोगी राजकुमार झांझोट का महत्वपूर्ण योगदान है।

# मलखंब फेडरेशन विवादः योगेश मालवीय ने आरोपों को बताया निराधार

### तदर्थ समिति का कार्यकाल पूर्ण होने पर खेल मंत्रालय ने किया पुनर्गठन, भ्रामक खबर फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया की पुरानी तदर्थ समिति को लेकर प्रकाशित समाचारों का द्रोणाचार्य अवार्डी योगेश मालवीय ने कड़ा खंडन किया है। मालवीय ने स्पष्ट किया है कि उन पर लगाए गए उत्तर-पूर्व के राज्यों से धन लेकर मान्यता देने और फेडरेशन पर नियंत्रण स्थापित करने के आरोप पूर्णतः असत्य और भ्रामक हैं। उन्होंने कहा कि यह उनकी प्रतिष्ठा को गिराने का कुप्रयास है और यदि किसी के पास इन आरोपों के प्रमाण हैं तो वह प्रत्यक्ष साक्ष्यों के साथ स्वयं सामने आएं।

खेल मंत्रालय के अवर सचिव रंजीत कुमार द्वारा 27 अगस्त 2026 को जारी आदेश के अनुसार 5 फरवरी 2026 को गठित तदर्थ समिति का कार्यकाल समाप्त होने के कारण इसका पुनर्गठन किया गया है। पुरानी समिति में योगेश मालवीय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सेवानिवृत्त उप महानिदेशक सत्यजीत संकृत शामिल थे। अब नई समिति में भारतीय खेल प्राधिकरण की उप महानिदेशक मंजुश्री दयानंद और ओलंपियन एमएम सोमैया को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

योगेश मालवीय ने जारी प्रेस नोट में बताया कि उन्होंने अपना पूरा जीवन मलखंब को समर्पित किया है। उनके मार्गदर्शन में तैयार कई खिलाड़ियों ने विक्रम अवार्ड जीता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किए हैं। इसी समर्पण के चलते भारत सरकार ने उन्हें द्रोणाचार्य अवार्ड और मध्य प्रदेश शासन ने विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया है।

उज्जैन
सोमवार
31
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।

**अर्थः** बड़ों का अभिवादन करने और सदैव बड़ों की सेवा करने वालों की आयु, ज्ञान, प्रसिद्धि और शक्ति बढ़ती रहती है।

## खबर एक नजर...

### सूनी कॉलोनी में घुसे बदमाश, रहवासी जागे तो पत्थर फेंककर भागे

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र के सावित्री नगर एम्पायर में शुक्रवार-शनिवार की रात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने कॉलोनी के दो घरों को निशाना बनाया। एक घर में चोरी के दौरान पड़ोसी की नींद खुल गई और उसके शोर मचाने पर बदमाश पत्थर फेंककर भाग गए। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने रविवार को पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की। इसके साथ ही थाना प्रभारी ने रहवासियों के साथ बैठक कर आरोपियों को जल्द पकड़ने का भरोसा दिया। सावित्री नगर एम्पायर निवासी आकाश सोनी निजी कंपनी में काम करते हैं। शुक्रवार-शनिवार की रात वह घर पर नहीं थे। इसी दौरान बदमाश उनके घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बदमाशों ने एक अन्य घर को भी निशाना बनाया। बदमाश जब दूसरे घर में चोरी कर रहे थे, तभी पास में रहने वाले जितेंद्र की नींद खुल गई। उन्होंने बालकनी में आकर शोर मचाया तो बदमाश पत्थर फेंककर वहां से भाग गए। सूचना मिलने के बाद रात में एफआरवी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के सुनसान इलाकों में बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका।

### क्लिनिक की महिला कर्मचारी से मंगलसूत्र लूटा

**इंदौर।** पलासिया थाना क्षेत्र में पत्रकार चौराहे के पास बुधवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने डॉक्टर के क्लीनिक पर सफाई कर रही महिला कर्मचारी से सोने का मंगलसूत्र लूट लिया। पुलिस ने उउळश फुटेज की मदद से एक आरोपी को कनाडिया इलाके से हिरासत में लिया है। वहीं दूसरा आरोपी अपने हिस्से के रुपए लेकर भोपाल चला गया है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम वहां पहुंची है। साकेत नगर निवासी प्रेमाबाई ठाकुर पलासिया में एक डॉक्टर के क्लीनिक पर सफाई का काम करती हैं। बुधवार को वह क्लीनिक में सफाई कर रही थीं, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने का मंगलसूत्र लूट लिया और फरार हो गए। वारदात के बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और बाइक के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम आरोपियों को ढूंढते हुए कनाडिया इलाके में पहुंची, जहां से गुलमर्ग कॉलोनी निवासी लक्की को हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, लक्की ने मंगलसूत्र झपटने की बात कबूल की है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि वारदात में उसका एक साथी भी शामिल था।

### अस्पताल में हेल्थ ऑफिसर ने महिला अधिकारी से किया रेप

**इंदौर।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्थ ऑफिसर ने महिला अधिकारी से रेप किया। गर्दन पर चाकू रखकर धमकाया। आरोपी बोला- अगर किसी को बताया तो पहले तुझे, फिर तेरे परिवार को मार डालूंगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सोहेल आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थ है। पीड़िता भी उसी के साथ काम करती है। आरोपी ने शनिवार को वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद से फरार है। 28 वर्षीय पीड़िता के मुताबिक, आरोपी सोहेल पिछले कई दिनों से उसे धमकाकर जबरदस्ती करने का दबाव बना रहा था। सोहेल उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था, लेकिन डर की वजह से वह किसी से कुछ नहीं कह रही थी। पीड़िता के मुताबिक, 29 अगस्त की सुबह वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी। इसी दौरान सोहेल ने उसे ऊपर की मंजिल पर विजिट के लिए साथ चलने को कहा। महिला ने जाने से मना कर दिया। इस दौरान सोहेल ने उससे कहा कि वह उसके साथ कई साल से काम कर रही है, फिर भी उस पर भरोसा नहीं करती। महिला को वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने की धमकी दी। इससे वह डर गई और आरोपी के साथ ऊपर चली गई।

### थाने में खुद को आग लगाने वाली महिला की मौत, एमवाय में चल रहा था इलाज

**इंदौर।** धरमपुरी थाने में खुद को आग लगाने वाली दीपिका ठाकुर की शनिवार को इंदौर के एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। 23 अगस्त को दीपिका अपने पति कासिम खान और बच्चों के साथ थाने पहुंची थी। यहां सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए उसने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। घटना के बाद उसे गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया था, जहां शनिवार दोपहर करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई। दीपिका की मौत के बाद उसका एक वीडियो सामने आया है। पति कासिम का दावा है कि यह वीडियो दीपिका के आग लगाने से कुछ समय पहले का है। वीडियो में दीपिका पुलिस कार्यालय में नजर आ रही है और करीब 8-9 महीने से न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने की बात कह रही है। वीडियो में दीपिका कहती सुनाई दे रही है कि उसके ही घरवालों ने उसके साथ मारपीट और शारीरिक प्रताड़ना की। इस संबंध में उसने पुलिस और एसपी कार्यालय में कई बार आवेदन देने की बात कही। उसका आरोप है कि शिकायत के बावजूद न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही निष्पक्ष कार्रवाई की गई। दीपिका वीडियो में कहती है कि जिन लोगों के खिलाफ शिकायत की है, वे खुलेआम घूम रहे हैं और वह लगातार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही।

---

भागीरथपुरा कांड में दोषियों पर एफआईआर की मांगः...तो भुगतनी होगी 10 साल से उम्रकैद

# मुआवजा बढ़ाने और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की अपील

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड में हाईकोर्ट के समक्ष पेश की गई जांच रिपोर्ट के बाद एक बार फिर जिम्मेदारों की जवाबदेही और पीड़ित परिवारों के मुआवजे का मुद्दा उठ गया है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं ने रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कहा कि इसमें कुछ लोगों को जिम्मेदार माना गया है, जबकि कुछ को क्लीनचिट दी गई है। रिपोर्ट में मुआवजे को लेकर भी सिफारिशें की गई हैं।

अधिवक्ताओं का कहना है कि रिपोर्ट काफी विस्तृत है। फिलहाल उसका केवल अवलोकन किया गया है। पूरी प्रति मिलने के बाद इसमें दर्ज बयानों, दस्तावेजों और निष्कर्षों का विस्तार से अध्ययन किया जाएगा। यदि किसी बिंदु पर रिपोर्ट से असहमति सामने आती है तो उसे भी हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी जाएगी।





एडवोकेट मनीष यादव ने मृतकों के पोस्टमार्टम और मेडिकल प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब मौतें संदिग्ध परिस्थितियों में हो रही थीं और दूषित पानी से बीमारी फैलने की बात सामने आ रही थी, तब मृतकों का पोस्टमार्टम कराया जाना चाहिए था।

उनके मुताबिक अब जब जांच रिपोर्ट में 24 मौतों को दूषित पानी की घटना से जोड़े जाने की बात सामने आई है, तब यह पहलू और महत्वपूर्ण हो गया है। यदि आवश्यक मेडिकल और पोस्टमार्टम प्रक्रिया नहीं अपनाई गई तो इसकी जिम्मेदारी भी तय की जानी चाहिए।

जांच रिपोर्ट में मृतकों के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे को बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की गई है। याचिकाकताओं के वकीलों का कहना है कि जिन परिवारों ने अपने सदस्य खोए हैं, उन्हें पर्याप्त आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए।

वहीं, हादसे में बीमार हुए लोगों के इलाज के लिए 5 लाख रुपए तक की सहायता की बात भी सामने आई है। वकीलों का कहना है कि किसी इंसान की जिंदगी की कीमत नहीं लगाई जा सकती, लेकिन प्रभावित परिवारों को पर्याप्त आर्थिक सहायता देना सरकार की जिम्मेदारी है। याचिकाकर्ता एडवोकेट रितेश इनानी ने भी जांच रिपोर्ट के अवलोकन के बाद कहा कि प्रथम दृष्टया कुछ अधिकारियों की जिम्मेदारी तय किए जाने की बात सामने आ रही है।

उनके मुताबिक जिस पाइपलाइन को लेकर पहले से समस्या सामने आ चुकी थी, उसे बदलने का टेंडर हो चुका था और एमआईसी से मंजूरी भी मिल गई थी। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया को आगे बढ़ाना अधिकारियों की जिम्मेदारी थी।

### 36 मौतों के मामले में अब एफआईआर की मांग

एडवोकेट मनीष यादव ने कहा कि इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर कब दर्ज होगी। उनके मुताबिक दूषित पानी से 36 लोगों की मौत का मामला है और जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद जिम्मेदारी तय करने की दिशा में कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की भूमिका सामने आती है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। आम घटनाओं में पुलिस तत्काल प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू करती है, लेकिन इतने गंभीर मामले में अब तक एफआईआर नहीं होना सवाल खड़ा करता है।

### पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद होगी विस्तृत जांच

यादव के मुताबिक हाईकोर्ट के आदेश के बाद उन्हें और अन्य याचिकाकताओं के वकीलों को रिपोर्ट का अवलोकन करने का अवसर मिला है। रिपोर्ट काफी बड़ी है, इसलिए एक नजर में उसका पूरा अध्ययन संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में कुछ लोगों को जिम्मेदार माना गया है, कुछ को क्लीनचिट दी गई है और कई सुझाव व सिफारिशें भी हैं। इसलिए अब हाईकोर्ट में आवेदन देकर रिपोर्ट की पूरी प्रति मांगी गई है। पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद यह देखा जाएगा कि किन लोगों को जिम्मेदार माना गया है, किस आधार पर किसी को क्लीनचिट दी गई और क्या किसी ऐसे व्यक्ति की भूमिका सामने आती है, जिसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

---

17 दिन में तीसरी घटना, नगर निगम ने गिट्टी डाली

# इंदौर में बापट चौराहे के पास फिर धंसी सड़क, चार फीट गहरा गड्ढा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की सड़कों पर 8 करोड़ रुपए खर्च कर किया गया पैचवर्क सवालों के घेरे में है। बापट चौराहे के पास पैचवर्क के कुछ ही दिन बाद सड़क का एक हिस्सा धंस गया। यहां करीब 4 से 5 फीट चौड़ा और 1 फीट गहरा गड्ढा हो गया। गड्ढे के कारण दिनभर वाहन चालकों को परेशानी हुई। कई दोपहिया वाहन चालक इसमें गिरते-गिरते बचे, जबकि तेज रफ्तार वाहनों को अचानक ब्रेक लगाकर निकलना पड़ा।

शाम को नगर निगम ने गड्ढे में गिट्टी डालकर उसे भर दिया। खास बात यह है कि पिछले 17 दिनों में सड़क धंसने का यह तीसरा मामला सामने आया है। इससे पहले गोराकुंड चौराहे के पास पानी की लाइन की टेस्टिंग के दौरान सड़क टूट गई थी। वहीं, गाड़ी अड्डा क्षेत्र की वाल्मीकि बस्ती में सड़क का बड़ा हिस्सा धंसने से करीब 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया था।

**70 से ज्यादा जगहों पर पैचवर्क उखड़ा-** नगर निगम ने खराब सड़कों की स्थिति जानने के लिए चार एजेंसियों से सर्वे कराया है। सर्वे में शहर में 70 से ज्यादा ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां हाल ही में किया गया पैचवर्क उखड़ चुका है या सड़क फिर खराब हो गई है।



ठेकेदारों का तर्क है कि सड़कों के नीचे ड्रेनेज और पेयजल लाइन के लिए हुई खुदाई के बाद सही तरीके से रेस्टोरेशन नहीं होने के कारण डामर बैठ रहा है। हालांकि, सवाल यह है कि जब सड़क की मरम्मत पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं तो कुछ ही दिनों में वही सड़क दोबारा क्यों धंस रही है। शहर में रिंग रोड, सुभाष मार्ग, एबी रोड की सर्विस रोड और अटल द्वार से लक्ष्मी मेमोरियल तक का हिस्सा भी खराब सड़कों की सूची में शामिल है।

### गोराकुंड में लाइन टेस्टिंग के दौरान खुल गई थी सड़क

इसी महीने गोराकुंड चौराहे से करीब 20 मीटर दूर नई पानी की लाइन की टेस्टिंग की जा रही थी। अचानक लाइन से तेज दबाव के साथ पानी बाहर निकलने लगा। कुछ ही सेकंड में पानी सड़क पर फैल गया और जिस हिस्से से पानी निकला, वहां सड़क टूटकर खुल गई। इसके बाद वहां बड़ा गड्ढा बन गया था। बुधवार को गाड़ी अड्डा क्षेत्र की वाल्मीकि बस्ती में भी सड़क अचानक धंस गई थी। यहां करीब 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया था। निरीक्षण करने पहुंची टीम ने बताया था कि गड्ढा इतना बड़ा है कि तीन डंपर मिट्टी डालने के बाद भी भराव पूरा नहीं होगा। जांच में यह बात सामने आई थी कि करीब 15 साल पहले यहां ड्रेनेज के लिए खुदाई की गई थी, लेकिन इसके बाद नगर निगम ने सड़क का ठीक से रेस्टोरेशन नहीं कराया।

---

# प्रदेश के 22 हजार मंदिरों का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड



### मंदिर की जमीन पर चल रही शराब दुकान तो कहीं काट दी कॉलोनी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रोबोट चौराहा स्थित मारुति मंदिर की जमीन पर शराब की दुकान चल रही है। कई अन्य मंदिरों की जमीनों पर भी कब्जे मिले हैं। सरकार प्रदेश के 22,098 शासन-संधारित मंदिरों की डिजिटल कुंडली तैयार कर रही है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के प्रस्तावित पोर्टल पर मंदिर के नाम दर्ज जमीन व अन्य चल-अचल संपत्तियों के साथ रकबा, मौजूदा स्थिति, पुजारी का नाम और अतिक्रमण की जानकारी होगी। पहले चरण में उज्जैन और ग्वालियर के मंदिरों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा। इसके बाद इंदौर और अन्य जिलों को जोड़ा जाएगा।

### इन मंदिरों की जमीन पर भी मिला अलग-अलग उपयोग

**मारुति मंदिर, खजरानाः** कई जगह अतिक्रमण, जमीन मंदिर की; शराब की दुकान संचालित।

**दुर्गा देवी मंदिर, कम्पेलः** 2009-10 में जमीन मंदिर के नाम, 2011 में निजी व्यक्ति के नाम दर्ज।

**खेड़ापति हनुमान मंदिर, भमोरी दुबेः** जमीन पर मकान बने हैं।

**इनामदेव स्थान महादेव मंदिर, सिरपुरः** जमीन पर गंगा कॉलोनी विकसित।

**श्रीराम मंदिर, छोटा बांगड़दाः** जमीन पर कॉलोनी; बाकी हिस्से में खेती और व्यावसायिक गतिविधियां।

---

तीन दिवसीय भागवत कथा का आज समापन

# कम उम्र में हजारों श्लोकों का पाठ करने वाले कथावाचक को मिला वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

निपानिया स्थित इस्कॉन टेंपल में चल रही तीन दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को समापन होगा। वृंदावन से आए कथावाचक मधुकंठ दास कथा का वाचन कर रहे हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा में शामिल होकर भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्तों के चरित्र और भक्ति के महत्व को समझ रहे हैं।

कथा के दौरान श्रीमद्भागवतम के विभिन्न प्रसंगों के जरिए श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और भक्ति का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने मंदिर में श्री श्री राधा गोविंद देव जी के दर्शन किए और पूजा-अर्चना व आरती में हिस्सा लिया। कथा के बाद भक्तों के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है।

इस्कॉन इंदौर के जनसंपर्क अधिकारी गिरधर गोपाल दास ने बताया कि कथा शाम 4:30 से 7 बजे तक होगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवतम सनातन वैदिक परंपरा का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक ग्रंथ है। इसके श्रवण से जीवन के उद्देश्य को समझने और भगवान श्रीकृष्ण के साथ अपने शाश्वत संबंध को जागृत करने की प्रेरणा मिलती है। कथावाचक मधुकंठ दास ने कम उम्र में ही श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवतम के हजारों श्लोकों का सस्वर पाठ शुरू कर दिया था। उनकी प्रतिभा और स्मरण शक्ति के लिए रविवार को उन्हें वर्ल्ड रिकॉर्ड आफ एक्सलेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में इस्कॉन ब्यूरो के वाइस चेयरमैन परम पूज्य महामन प्रभुजी, वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस के वाइस प्रेसिडेंट संजय पंजवानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

10 दिनों से चल रहा था इलाज, परिजनों का आरोप, इलाज में लापरवाही से हुई मौत, कार्रवाई की मांग

# पेट दर्द की शिकायत लेकर क्लिनिक पहुंची बच्ची की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में इलाज के दौरान एक 10 वर्षीय बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। गणेश नगर, फोर्स एकेडमी के पास रहने वाली दिव्यांशी सोलंकी पिता मनोज सोलंकी की खातीवाला टैंक स्थित हर्ष क्लिनिक में इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्ची मूल रूप से पूजापुरा, बागली की रहने वालीहै। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्ची को पिछले करीब 10 दिनों से पेट दर्द की शिकायत थी। इसी के चलते उसकी मां उसे इलाज के लिए क्लिनिक लेकर पहुंची थी। परिजनों का दावा है कि रविवार को दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच बच्ची को उपचार के लिए क्लिनिक लाया गया था।



परिजनों का आरोप है कि बच्ची का इलाज डॉ. श्रीचंद मांगेचा नामक ने किया। परिवार ने आरोप लगाया कि रविवार को इलाज के दौरान बच्ची की हालत बिगड़ गई और बाद में उसकी अस्पताल ले जाने के मौत हो गई। देर रात परिजन के साथ सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग क्लिनिक पहुंचे गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। हालांकि, बच्ची की मौत वास्तव में किस कारण हुई और इलाज में किसी तरह की लापरवाही हुई या नहीं, यह जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों की मांग है कि बच्ची की मौत की परिस्थितियों की जांच की जाए और यदि इलाज में लापरवाही या नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बच्ची की मौत किस चिकित्सकीय कारण से हुई। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बच्ची की मौत बीमारी की गंभीरता के कारण हुई या इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही की भूमिका थी।

---

नाइजीरियन मूल की महिला को 57 ग्राम से ज्यादा कोकीन के साथ गिरफ्तार

# महिला को मुंबई ले जाएगी इंदौर पुलिस, उसकी बहन से भी होगी पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सिंहासा क्षेत्र में चंदन नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाइजीरियन मूल की महिला को 57 ग्राम से ज्यादा कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। महिला ने कोकीन छिपाकर रखी थी। पुलिस ने कोर्ट से उसका 5 दिन का रिमांड लिया है। पूछताछ के बाद एक टीम उसे लेकर मुंबई जाएगी। पुलिस को आशंका है कि ड्रग्स की सप्लाय में उसकी बहन की भी भूमिका हो सकती है।

टीआई तिलक करोले की टीम ने जॉय पिता इम्युनल निवासी लेगोस को पकड़ा है। वह 7 महीने के वीजा पर अपनी बहन के पास मुंबई के बांद्रा ईस्ट में रह रही थी। पुलिस को उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो बस की चेकिंग के दौरान पूछताछ की गई।



पुलिस अब जॉय को लेकर मुंबई जाएगी। वहां उसकी बहन से भी पूछताछ की जा सकती है। पुलिस यह पता लगाएगी कि जॉय किस काम के लिए मुंबई में अपनी बहन के पास रह रही थी और क्या उसे ड्रग्स तस्करी की जानकारी थी। फिलहाल जॉय ने पूछताछ में तस्करी में अपनी बहन की भूमिका नहीं बताई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर बहन को आरोपी बनाने का फैसला किया जाएगा। जॉय ज्यादातर अंग्रेजी में बात कर रही है, जिससे पूछताछ में भी दिक्कत आ रही है। पुलिस उसके वीजा और भारत में रहने से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

### बाल और चेहरे को छिपाकर लेट गई

चेकिंग के दौरान जॉय अपने बाल छिपाने लगी। इसके बाद उसने चेहरे पर टॉवेल डाल लिया और बस में लेट गई, ताकि पुलिस उसकी पहचान न कर सके। पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी की मदद से उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 57 ग्राम से ज्यादा कोकीन बरामद हुई।

पुलिस के मुताबिक जॉय से पूछताछ में यह पता लगाया जा रहा है कि वह इंदौर में कोकीन किसे सप्लाय करने वाली थी। आशंका है कि ड्रग्स किसी पब या होटल में पहुंचाई जानी थी। उसके मोबाइल की जांच में कुछ वॉट्सऐप चैट भी मिली हैं, जिन्हें डिलीट करने की कोशिश की गई थी। पुलिस इन चैट के जरिए सप्लायर और खरीदार तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## पिता की लाश पर सिर रखकर रोता रहा बेटा, अस्पताल में मरीज पर लिफ्ट गिरी, मौत

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा के नेशनल अस्पताल में मरीज पर लिफ्ट गिरने से मौत हो गई। मरीज का शरीर बुरी तरह कुचला गया। कई जगह चोटें आईं। मरीज स्ट्रेचर समेत लिफ्ट में फंसा नजर आ रहा है। पिता की लाश को पकड़कर बेटा चीख-चीखकर रो रहा है। घटना शनिवार रात की है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अमरपाटन के लालपुर निवासी सुरेश सेन (50) के रूप में की गई है। सुरेश सेन पेड़ से गिरकर घायल हो गए। गंभीर हालत में उन्हें शनिवार रात नेशनल हॉस्पिटल लाया गया था, जहां हॉस्पिटल स्टाफ उन्हें लिफ्ट में छोड़कर भाग गया था। परिजन अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। मरीज की मौत के बाद रविवार को अस्पताल के बाहर सैकड़ों लोग धरने पर बैठ गए। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के कारण अस्पताल के बाहर काफी देर तक हंगामा रहा। हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभालने की कोशिश की। पुलिस ने परिजन और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइश दी। हालांकि, मृतक के परिजन ने पुलिस पर मारपीट और बदसलूकी करने का आरोप लगाया। मृतक के परिजन बृजेश सेन ने बताया- अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से जान गई है। मरीजों की सुरक्षा के लिए अस्पताल में पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। लिफ्ट की सुरक्षा और उसके रखरखाव की व्यवस्था नहीं है। आज सुरेश हमें छोड़कर चला गया।

## 'पत्नी से रेपकर अश्लील वीडियो बनाए, इसलिए मर रहा हूं

**नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में रविवार शाम करीब 7 बजे एक शख्स ने फांसी लगा ली। मरने से पहले वीडियो भी बनाया। वीडियो सुसाइड नोट में कहा- रिश्तेदार रवि कुशवाह और अमित कुशवाह मेरी मौत के जिम्मेदार हैं। रवि कुशवाह ने मेरी पत्नी से रेप किया। अश्लील वीडियो बनाए। वकील अमित कुशवाह ने रवि की मदद की।

कोतवाली के मुताबिक, मृतक की पहचान सुरेश (बदला हुआ नाम) के रूप में की गई है। घर का दरवाजा बंद था। सुरेश अंदर फंदे पर लटका हुआ मिला। डायल-112 की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या से पहले बनाए वीडियो में सुरेशन ने कहा- वह पूरे होश में न्यायिक व्यवस्था से न्याय की मांग कर रहा है। रवि कुशवाह और अमित कुशवाह की वजह से उसका परिवार पूरी तरह बिखर गया। वह ऐसे हालात में पहुंच गया कि आत्महत्या के लिए विवश हो गया। वीडियो में उसने आरोप लगाया कि रवि कुशवाह ने उसकी पत्नी को झूठे प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक संबंध बनाए। उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो बना लिए। रवि के मोबाइल में ऐसे कई फोटो और वीडियो मौजूद हैं। दोनों के बीच वीडियो कॉल और फोन पर बातचीत होने की बात भी कही।

## जंगली हाथी ने किसान को सूंड से उठाकर पटका, अमरवाड़ा में फसल बचाने के लिए भगा रहा था

**अमरवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा वन परिक्षेत्र में भटके जंगली हाथी ने एक किसान पर हमला कर दिया। घटना ग्राम चिखली चंदेरी की है, जहां फसल को नुकसान पहुंचा रहे हाथी को भगाने की कोशिश करना ग्रामीण को भारी पड़ गया। हाथी ने किसान को सूंड से उठाकर पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वन विभाग की मदद से घायल को तत्काल सिविल अस्पताल अमरवाड़ा पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल की पहचान सुरेश पिता सुखदास (48) निवासी चिखली चंदेरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हाथी पिछले दो दिनों से सिवनी और चौरई क्षेत्र के जंगलों और खेतों में घूम रहा था। इसी दौरान वह अमरवाड़ा वन परिक्षेत्र में पहुंच गया। जानकारी के अनुसार, हाथी किसान की फसल को नुकसान पहुंचा रहा था। सुरेश ने उसे भगाने का प्रयास किया, इसी दौरान हाथी बिफर गया और उसने किसान पर हमला कर दिया। हाथी ने सुरेश को सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया।

## पिता ने एक महीने के बेटे को मार डाला, सिर पर डंडा मारकर की हत्या

**सागर।** सागर के बरायठा थाना क्षेत्र में एक पिता ने अपने ही एक माह के बेटे की हत्या कर दी। आरोपी ने बेटे के सिर पर डंडा मारा। जिससे वह गंभीर घायल हुआ। परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया। जांच करते हुए रविवार को आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम बरायठा में 29 अगस्त को अजय आदिवासी (कुचबंदिया) ने अपने एक माह के बेटे बाबू आदिवासी के सिर पर डंडा मार दिया?। जिसमें वह गंभीर घायल हुआ। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया। बीएमसी में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। जंगल में सर्चिंग कर आरोपी को पकड़ा आरोपी कुचबंदिया समुदाय का है जो अपने स्थाई संपर्क नंबर और स्थाई पते पर नहीं रहते हैं। लगातार स्थान बदल-बदल कर रहते हैं। बरायठा पुलिस ने टीम बनाकर जंगल में लगातार आरोपी की तलाश की। इसी दौरान रविवार को पुलिस टीम ने जंगल से आरोपी अजय आदिवासी निवासी मडावरा को गिरफ्तार कर लिया। बरायठा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## बाइक सवार परिवार पर गिरा बबूल का पेड़, 6 वर्षीय बच्ची की मौत

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में रविवार शाम एक सड़क हादसे में 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। यह घटना असीर-खरगोन रोड पर धुलकोट पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम दवाटिया के पास कमल खेड़ा फाल्या में हुई, जब एक बबूल का पेड़ अचानक बाइक सवार दंपति और उनके बच्चों पर गिर गया।

# मौसम: मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से में फिर बना स्ट्रॉन्ग सिस्टम

## भोपाल संभाग में भी गिरेगा पानी, रीवा-शहडोल समेत 11 जिलों में आज भारी बारिश

### मुख्यमंत्री चित्रकूट पहुंचे, बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में फिर से स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हुआ है। शहडोल के बाणसागर डैम के रविवार को गेट खोल दिए गए। सिंगरौली में तेज बारिश रिकॉर्ड की गई तो मंडला, चित्रकूट (सतना) में बाढ़ के बाद आफत खड़ी हो गई। नदियों का उफान जरूर कम हुआ, लेकिन बबार्दी का मंजर देखने को मिला। देर रात तक कई जिलों में बारिश का दौर चला। बाढ़ प्रभावित सतना ने में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। सोमवार को भी पूर्वी हिस्से के 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इनमें रीवा, मऊगंज, मैहर, सीधी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला, सिवनी और बालाघाट शामिल हैं।

वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, सतना, सिंगरौली, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है।

रविवार को चित्रकूट में मंदाकिनी नदी करीब 30 फीट उफान पर रही। गोरगी बांध फूटने से कई इलाकों में पानी भर गया, जबकि तेज बहाव में रामघाट का बड़ा पुल बह गया। घरों और सड़कों पर मिट्टी, कचरा और कीचड़ जमा हो गया। सीएम मोहन यादव चित्रकूट में बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। आश्रय स्थल में प्रभावित लोगों से मुलाकात कर राहत सामग्री बांटी। सीएम ने चित्रकूट में अतिक्रमण को भी बाढ़ की संभावित वजह माना।



वहीं, शहडोल का बाणसागर डैम भी लबालब हो चुका है। पानी की आवक 808.64 क्यूमेक्स थी, जो 12 घंटे में बढ़कर 2677.29 क्यूमेक्स हो गई। पिछले साल की तुलना में इस बार जलस्तर 13 सेंटीमीटर अधिक है। दोपहर 12 बजे डैम के 6 गेट खोल दिए गए हैं। निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया।

मौसम विभाग ने सितंबर की शुरूआती 3 दिन तक कई जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें सीधी, उमरिया, मंडला, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना, दमोह, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम समेत कई जिले शामिल हैं। यानी, 24 घंटे के अंदर यहां 4 से 8 इंच तक पानी गिरने का अनुमान है।

### डैमों में 70 प्रतिशत से ज्यादा पानी आया

लगातार बारिश की वजह से प्रदेश के डैमों की स्थिति सुधरी है। अधिकांश डैम में 70 प्रतिशत तक पानी आ गया है। कुछ डैम के गेट तो खोल दिए गए हैं। इंदौर और उज्जैन संभाग के बांधों की हालत ठीक नहीं है। भोपाल के बड़ा तालाब में पानी का लेवल 1666.50 फीट तक पहुंच गया है। अब यह सिर्फ 0.30 फीट ही खाली है। बड़ा तालाब फुल भरने के बाद भदभदा डैम के गेट खुलेंगे। मौसम केंद्र की माने तो प्रदेश में अब तक 700 मिमी यानी, 27.2 इंच बारिश हो चुकी है। हालांकि, यह अब तक की सामान्य बारिश 30.4 इंच (772.3 मिमी) की तुलना में 3.2 इंच कम है। वहीं, ओवरऑल 9 प्रतिशत कम पानी गिरा है। पूर्वी हिस्से में 5% और पश्चिमी हिस्से में औसत से 12% बारिश कम हुई है।

### 39 जिलों में 1% से 50% तक कम बारिश

प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में 19% तक कम बारिश हुई है। बालाघाट, छतरपुर, डिंडौरी, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सिवनी, टीकमगढ़, डिंडौरी, निवाड़ी में 1% से 50% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बैतूल, दतिया, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, मुरैना, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, खंडवा, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से 1% से 51% कम पानी गिरा है।

# मंत्री विजय शाह केस की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिया था विवादित बयान; सरकार ने अभियोजन की मंजूरी नहीं दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह से जुड़े मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पिछली सुनवाइयों में कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार को निर्णय लेने के निर्देश दे चुका है। वहीं, मध्य प्रदेश कैबिनेट ने मंत्री के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी न देने के प्रस्ताव को राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा था। अब सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई इस लिहाज से अहम है।

यह पूरा विवाद मई 2025 का है। मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह ने इंदौर के महू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर आपत्तिजनक और विवादित बयान दिया था। इस मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया।




विस्तृत जांच पूरी करने के बाद मंत्री विजय शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति सरकार से मांगी थी। कानूनी प्रावधानों के तहत किसी मौजूदा मंत्री पर केस चलाने के लिए सरकार की मंजूरी आवश्यक होती है। मंगलवार(25 अगस्त) को हुई मध्य प्रदेश कैबिनेट की बैठक में मंत्री के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी न देने वाला प्रस्ताव लाया गया था। कैबिनेट बैठक कक्ष से पांच वरिष्ठ अधिकारियों को छोड़कर बाकी सभी को बाहर भेज दिया गया। इसके बाद पूरी कैबिनेट ने विजय शाह के खिलाफ अभियोजन यानी मुकदमा चलाने की मंजूरी न देने का प्रस्ताव राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेज दिया।

हालांकि, अभी तक राज्यपाल की ओर से इस मामले में कोई निर्णय लिया गया है या नहीं, यह सुप्रीम कोर्ट में सरकार के वकीलों की दलीलों और रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों का मुख्य तर्क था कि विजय शाह इस मामले में सार्वजनिक मंचों और लिखित रूप में करीब तीन से चार बार माफी मांग चुके हैं। इसलिए अब उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का कोई कानूनी और व्यावहारिक औचित्य नहीं बनता।

## भोपाल में आज से सीलिंग की कार्रवाई, इलाकों में कमर्शियल एक्टिविटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल के रहवासी इलाकों में कमर्शियल एक्टिविटी करने पर सोमवार से सीलिंग की कार्रवाई शुरू होगी। नगर निगम की टीम भारी अमले और पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई करेगी। रविवार को प्रतिष्ठानों पर 24 घंटे के नोटिस चस्पा किए गए हैं।

नगर निगम ने 26 अगस्त तक कुल 8264 नोटिस जारी किए थे। इसके बाद नोटिस का परीक्षण किया। बीच में वार्ड-58 के गौतम नगर स्थित रेसीडेंसियल बिल्डिंग में संचालित होटल को सील कर दिया गया। रविवार को 24 घंटे के नोटिस दिए गए और सोमवार से कार्रवाई शुरू की जाएगी।

छह जगहों पर होगी कार्रवाई
कार्रवाई में हंगामे की स्थिति को देखते हुए मिसरोद, हबीबगंज, रातीबढ़, कोहेफिजा, गोविंदपुरा, ऐशबाग और कोलार थाना पुलिस थाने का बल तैनात किया जाएगा। सोमवार को छह जगहों पर कार्रवाई होगी।

**यह है मामला-** सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश भोपाल में आवासीय भवनों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध निर्माण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त के पहले सप्ताह में सुनवाई की थी। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को बड़ा झटका देते हुए राज्य सरकार द्वारा गठित 10 सदस्यीय जांच समिति की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

# शिवडोले में उमड़े तीन लाख श्रद्धालु, पुलिस बैंड ने दी सलामी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन

शहर के अधिष्ठाता भगवान सिद्धनाथ महादेव का 58वां शिवडोला रविवार को धूमधाम से निकला। राजसी पालकी के मंदिर से बाहर आते ही मध्यप्रदेश पुलिस बैंड ने सलामी दी। श्रद्धालुओं ने गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश कर पालकी की अगवानी की।

हर-हर महादेव और जय शिव शंभू के जयकारों से शहर गूंज उठा। इस वर्ष भी शिवडोले में करीब तीन लाख श्रद्धालु शामिल हुए। इस वर्ष शिवडोले में 27 झांकियां, 9 नृत्य दल और 10 ढोल-ताशा व नगाड़ा पार्टियां शामिल हैं। आयोजन की सुरक्षा के लिए एक हजार से अधिक जवान, 300 सीसीटीवी और छह ड्रोन से पूरे मार्ग की निगरानी की गई। शिवडोला करीब चार किमी का सफर तय कर मंदिर लौटा। व्यापारियों ने भी प्रतिष्ठान बंद रखकर शिवडोले में सहभागिता की। श्रद्धालुओं के लिए 80 से अधिक सेवा स्टॉल भी लगाए गए। जिस ऐतिहासिक शिवडोले की शुरूआत वर्ष 1969 में पालकी और ठेलागाड़ी से हुई थी। 57 वर्षों में शिवडोले ने भव्य रुप ले लिया है। 1708 में नगर के मल्लीवाल (भावसार) वंश के पृथ्वीराज (पिथाजी) और जानकीबाई के चार पुत्रों में सबसे छोटे पुत्र शंभूनाथ थे। परिवार और समाज में उन्हें सिद्धू अथवा सिद्धनाथ नाम से पुकारा जाता था। मान्यता है कि उनका जन्म नाग योनि में हुआ था।

## 14 करोड़ की साइबर ठगी में ग्वालियर ह्यसिम लाइन' कनेक्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

कभी डकैतों के लिए बदनाम रहा ग्वालियर-चंबल अब साइबर ठगी के नेटवर्क से जुड़ता नजर आ रहा है। ग्वालियर के अलग-अलग वेंडरों से जारी फर्जी सिम के जरिए 12 राज्यों में 180 लोगों से 14 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी का खुलासा हुआ है। डेटा ने जब इस नेटवर्क की परतें खोलीं तो पुलिस ने ह्यऑपरेशन फास्टह्व शुरू कर फर्जी सिम जारी करने वाले वेंडरों पर कार्रवाई शुरू की। जांच में सामने आया कि अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच लोगों के दस्तावेज और बायोमेट्रिक लेकर उनकी जानकारी के बिना सिम जारी की गईं, जबकि इनका इस्तेमाल दिसंबर 2025 से अगस्त 2026 तक साइबर ठगी में किया गया। एनसीआरपी के रिकॉर्ड के एनालिसिस में सामने आया कि ग्वालियर से जारी फर्जी सिम का इस्तेमाल देशभर में साइबर ठगी के लिए किया गया। इन नंबरों से 180 लोगों को शिकार बनाया गया और 14 करोड़ 20 लाख रुपए से ज्यादा की रकम ठगी गई।

# 72 गांवों के किसानों को लाभ:न बिजली, न पम्प; डैम से खेतों तक पहुंचेगा पानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दमोह

सागर व दमोह के 72 गांवों के किसानों के खेतों तक डैम का पानी बिना बिजली और पम्प के पहुंचेगा। प्रेशर इतना होगा कि किसान सीधे स्प्रिंकलर से खेत के हर कोने तक सिंचाई कर सकेंगे। जल संसाधन विभाग के मुताबिक पंचम नगर इरिगेशन कॉम्प्लेक्स मप्र की पहली प्रेशराइज्ड पाइप माइक्रो इरिगेशन योजना है, जो पूरी तरह ग्रेविटी फ्लो से चलेगी।

पगरा डैम से पानी टनल और पाइपलाइन के जरिए ऊंचाई के अंतर से खेतों तक पहुंचेगा। अभी करीब 16 हजार हेक्टेयर तक पानी पहुंच चुका है। अब 25 हजार हेक्टेयर तक पानी पहुंचाने की आखिरी बाधा भी दूर हो गई है। इससे किसानों को महंगी बिजली और रात में सिंचाई की मजबूरी से राहत मिलेगी। दरअसल, जीएम-1 पाइपलाइन के रास्ते में दमोह की सीमेंट फैक्ट्री की लीज भूमि आने से विवाद कोर्ट पहुंच गया था। इससे काम 4 साल अटका रहा। मामला नहीं सुलझा तो विभाग ने पाइपलाइन का अलाइनमेंट बदल दिया। अब बाकी खेतों तक पाइप बिछाई जा रही है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ विनय रोहित के मुताबिक जीएम-1 से 11 हजार और जीएम-2 से 14 हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी।

### ऐसे पहुंचेगा... प्रेशर इतना कि सीधे चलेंगे स्प्रिंकलर

प्रेशर ऐसे बनेगा : पगरा डैम से पानी 400 मीटर लंबी टनल से निकलकर दो मुख्य पाइपलाइन ग्रेविटी मेन (जीएम)-1 और जीएम-2 में जाता है। टनल के पास दोनों पाइपलाइन समुद्र तल से 431 मीटर की ऊंचाई पर हैं। जीएम-1 का आखिरी छोर 385 मीटर और जीएम-2 का 348 मीटर पर है। इसी ढलान से पानी में प्रेशर बनता है और पम्प की जरूरत नहीं पड़ती। खेत पर किसान को ये मिलेगा : दोनों मुख्य लाइनों में कुल 833 जंक्शन बनाए गए हैं। हर 30 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 3 कनेक्शन दिए गए हैं। जंक्शन से 63 से 90 एमएम की पाइप के जरिए पानी खेतों तक पहुंचेगा। प्रेशर इतना रहेगा कि किसान सीधे स्प्रिंकलर चला सकेंगे।

### 12 हजार लीटर पानी प्रति सेकंड

डैम से दोनों मुख्य पाइपलाइन तक पानी पहुंचाने वाली 400 मीटर लंबी टनल की क्षमता 12 हजार लीटर प्रति सेकंड है। जीएम-1 से 11 हजार व जीएम-2 से 14 हजार हेक्टेयर, यानी कुल 25 हजार हेक्टेयर तक सिंचाई का लक्ष्य है।

## रीवा में जच्चा-बच्चा मौत पर अधीक्षक के दावे और दस्तावेजों में अंतर; चार निलंबित, जांच टीम बनाई

# स्टिंग में डॉक्टर बोले-रातभर ड्यूटी, फिर भी ऑन कॉल आती थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रीवा

रीवा के गांधी मेमोरियल अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में अस्पताल प्रशासन के दावों पर सवाल खड़े हो गए हैं। बैकुंठपुर के हटवा निवासी 25 वर्षीय कल्पना मिश्रा की 26 अगस्त की रात इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसके साथ गर्भस्थ शिशु ने भी दम तोड़ दिया।

परिवार ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था। इसके बाद की गई पड़ताल में दो अलग-अलग स्टिंग ऑपरेशन, मौत से पहले का वीडियो, मेडिकल रिकॉर्ड और अस्पताल प्रशासन की कार्रवाई सामने आई है।

स्टिंग में अस्पताल के कर्मचारियों ने कैमरे पर बताया कि प्रसूति रोग विभाग की ड्यूटी डॉक्टर रात 8 से सुबह 8 बजे तक की ड्यूटी के बावजूद पूरे समय अस्पताल में मौजूद नहीं रहती थीं और जरूरत पड़ने पर ऑन कॉल आती थीं।

मामले में अब तक दो डॉक्टर और दो नर्सिंग स्टाफ को निलंबित किया जा चुका है। सरकार ने सात सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच टीम भी गठित की है। अस्पताल प्रशासन लगातार इलाज में लापरवाही से इनकार करता रहा। इसके बाद की गई पड़ताल में अस्पताल में मौजूद उटड डॉ. सौरभ गोयल से ड्यूटी को लेकर सवाल किए गए।



उन्होंने कैमरे पर बताया कि डॉ. सोनल अग्रवाल की ड्यूटी रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक है। साथ ही यह भी कहा कि वे कंसल्टेंट हैं और जरूरत पड़ने पर ऑन कॉल आती हैं, पूरे समय अस्पताल में नहीं बैठतीं। इसी विभाग में गंभीर गर्भावस्था जटिलता कक्ष (ए्रैस्त्र् फ्ल्ल्ड्ढे) के पास मौजूद एक जूनियर डॉक्टर अनिकेत सिंह ने भी कैमरे पर इसी तरह की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैडम की ड्यूटी रात 8 से सुबह 8 बजे तक है, लेकिन किसी काम के लिए बुलाने पर आती हैं। अब जांच का सबसे अहम सवाल यही है कि कल्पना जिस समय गंभीर हालत में थी, उस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टर अस्पताल में मौजूद थीं या नहीं। इसका जवाब ड्यूटी रजिस्टर, उउळश फुटेज और अस्पताल के रिकॉर्ड से मिल सकता है।

### मौत से पहले का वीडियो: मां मुझे बचा लो, ये लोग मुझे मार डालेंगे

मामले में सामने आया कल्पना का आखिरी वीडियो परिवार के आरोपों को और गंभीर बनाता है। वीडियो में कल्पना महिला वार्ड से बाहर आती दिखाई देती है। वह रोते हुए अपनी मां से कहती सुनाई देती है- इस तरह का इलाज जारी रहा तो ये लोग मुझे मार डालेंगे मां... मुझे बचा लीजिए, मुझे जान का खतरा है। परिवार का आरोप है कि इस दौरान नर्सिंग स्टाफ ने उसकी बात को गंभीरता से लेने के बजाय उसे डांटा। वीडियो में नर्सिंग स्टाफ की ओर से उसे शांत कराने के दौरान कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जाता है- तू पागल हो गई है क्या? वीडियो की परिस्थितियों, उसमें मौजूद लोगों और रिकॉर्डिंग के समय की जांच भी अब मामले के लिए अहम है। कल्पना की सास द्रौपदी मिश्रा का कहना है कि नर्सिंग स्टाफ लगातार सब सामान्य होने की बात कहता रहा। परिवार जब बहू को देखने जाता तो उन्हें वार्ड से बाहर कर दिया जाता। उनका आरोप है कि परिवार के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और कल्पना के साथ भी मारपीट की गई। द्रौपदी का कहना है कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि इलाज के लिए अस्पताल लाई गई उनकी बहू और आने वाले बच्चे की जान चली जाएगी।

## गुना में खैरुवा समाज की तीन-पीढ़ियां तीन जातियों में उलझीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

सरकारी फाइलों और ऑनलाइन पोर्टल की एक तकनीकी चूक किसी पूरे समाज का अस्तित्व कैसे संकट में डाल सकती है, इसका जीता-जागता और हैरान करने वाला उदाहरण गुना जिले में देखने को मिला है। यहां के लगभग 18 गांवों में रहने वाले खैरुवा समाज के हजारों परिवारों की जातीय पहचान पिछले दो दशकों में अफसरों के मनमाने फैसलों के कारण इस कदर उलझ गई है कि एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां अब तीन अलग-अलग वर्गों (कैटेगरी) में दर्ज हो चुकी हैं।

हालात यह हैं कि बुजुर्ग (दादा) कागजों में अनुसूचित जनजाति (एसटी) हैं, उनके बेटे (पिता) अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का ठप्पा लेकर घूम रहे हैं और साल 2018 के बाद पैदा हुई नई पीढ़ी (पोते) को सीधे सामान्य वर्ग में ढकेल दिया गया है। खून एक है, परिवार एक है, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में जातियां तीन हो चुकी हैं। इस विसंगति के कारण समाज के करीब 25 से 30 हजार लोगों का भविष्य दांव पर है।

खैरुवा समाज की पहचान बदलने का यह सिलसिला पिछले 25 वर्षों में तीन चरणों में हुआ। साल 2000 से पहले आदिवासी दर्जा था। समाज के बुजुर्गों के पास साल 1979 में मिले भूमि पट्टों सहित कई पुराने सरकारी दस्तावेज हैं, जिनमें उन्हें गोंड आदिवासी के रूप में दर्ज किया गया था।

# निक्की तंबोली और अरबाज पटेल का क्या ब्रेकअप हो गया



एक्ट्रेस निक्की तंबोली और अरबाज पटेल दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। जिसके बाद उनके अलग होने की चर्चा शुरू हो गई। हालांकि, निक्की और अरबाज ने अभी तक अपने ब्रेकअप की पुष्टि नहीं की। इस बीच दोनों ने सोशल मीडिया पर धोखे और टूटे वादों से जुड़े पोस्ट भी शेयर किए।

अरबाज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर लिखा, ह्लअपने पार्टनर को धोखा देना, फिर घर आकर उसकी आंखों में देखकर कहना कि मैं तुमसे प्यार करता हूं, बेइज्जती का बिल्कुल अलग स्तर है। मैंने जो कहा, वही कहा। अरबाज ने पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया था। हालांकि, सोशल मीडिया यूजर्स ने कयास लगाए कि उनका इशारा निक्की की ओर था।

वहीं, इसके पहले निक्की ने एक नोट शेयर किया था। जिसमें उन्होंने लिखा, ह्लवह सच्चाई, जिसके बारे में लोग नहीं कहते। अफेयर्स इसलिए नहीं होते कि कोई नया इंसान बहुत ज्यादा आकर्षक है। वे इसलिए होते हैं, क्योंकि कोई पुराना इंसान अपने वादों का सम्मान करना बंद कर देता है।

## बिग बॉस मराठी 5 में शुरू हुई थी नजदीकी

निक्की और अरबाज की बॉन्डिंग ने पहली बार बिग बॉस मराठी 5 के दौरान लोगों का ध्यान खींचा था। शो में दोनों का रिश्ता चर्चा का एक प्रमुख विषय बना रहा। रियलिटी शो से बाहर आने के बाद भी दोनों ने अपना रिश्ता जारी रखा। बाद में दोनों ने रियलिटी शो ह्यद 50ह्ल में साथ हिस्सा लिया।

इस शो के दौरान भी दोनों का रिश्ता मजबूत नजर आया। एक मौके पर अरबाज ने घुटने के बल बैठकर निक्की को प्रपोज किया था। उन्होंने निक्की को अपना खूबसूरत पार्टनर बताया था। अरबाज ने कहा था कि इस शो ने उन्हें यादगार सफर के साथ एक खूबसूरत जोड़ी भी दी।

## आसिम रियाज ने भव्या सिंह को भेजा लीगल नोटिस

बिग बॉस 13 फेम आसिम रियाज ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भव्या सिंह को कानूनी नोटिस (सीज एंड डिजिस्ट) भेजा है। भव्या ने एक पॉडकास्ट के दौरान आसिम पर मारपीट करने और दुबई में किसी महिला के पैसों पर निर्भर रहने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। आसिम के वकील ने इन दावों को पूरी तरह झूठा और छवि खराब करने वाला बताया है। नोटिस में भव्या और संबंधित मीडिया प्लेटफॉर्म्स को 72 घंटे के भीतर विवादित कंटेंट हटाने की हिदायत दी गई है। भव्या सिंह ने लगाए थे गंभीर आरोप एमटीवी स्प्लिट्सविला 12 फेम भव्या सिंह ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में आसिम रियाज और उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड हिमांशी खुराना के ब्रेकअप पर टिप्पणी की थी। भव्या ने दावा किया था कि उन्हें किसी ने बताया था कि आसिम पागल इंसान हैं और मारपीट करता था। इसके अलावा भव्या ने एक वीडियो होने का दावा भी किया था। पॉडकास्ट में यह भी कहा गया था कि आसिम दुबई में किसी अज्ञात महिला के पैसों पर रह रहे हैं और उस पर आर्थिक रूप से निर्भर हैं।

### कृति सेनन एड विवाद पर बोलीं उर्वशी रौतेला

# क्रिएटिविटी के नाम पर संस्कृति से समझौता न हो; भारतीय परंपराओं का सम्मान जरूरी



एक्ट्रेस कृति सेनन के रक्षाबंधन एडवर्टाइजमेंट विवाद पर अब उर्वशी रौतेला की प्रतिक्रिया सामने आई है। न्यूज एजेंसी क्अठर से बातचीत में उर्वशी ने कहा कि वे किसी भी महिला को उसके कपड़ों से जज नहीं करती हैं, ल ा क न ा क्रिएटिविटी के नाम पर सांस्कृतिक संवेदनशीलता से समझौता नहीं होना चाहिए।



रक्षाबंधन भारत का बेहद पवित्र त्योहार है और इसकी मयार्दा का ध्यान रखा जाना चाहिए। बता दें कि ज्वेलरी ब्रांड जीवा के इस विज्ञापन में कृति सेनन के इंडो-वेस्टर्न पहनावे को लेकर सोशल मीडिया पर काफी विरोध हुआ था, जिसके बाद ब्रांड ने विज्ञापन को हटा लिया है।

'क्रिएटिविटी और परंपरा को एक साथ न मिलाएं' बातचीत में उर्वशी रौतेला ने कहा, हम आजादी और क्रिएटिविटी का जश्न मनाते हैं, लेकिन हमें यह सोचना होगा कि रक्षाबंधन एक संवेदनशील और पवित्र त्योहार है। इसे देश के करोड़ों लोग मनाते हैं और हमें अपनी परंपराओं पर गर्व है। हमें यह समझना होगा कि क्रिएटिविटी के नाम पर रक्षाबंधन जैसी पवित्र परंपरा से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता।

## 'हमें तय करना होगा कि कहां सीमा होनी चाहिए'

उर्वशी ने बातचीत के दौरान भारतीय संस्कृति के प्रति अपने सम्मान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट रिश्ते का खूबसूरत त्योहार है। उर्वशी ने जोर देते हुए कहा, ₹हमें एक सीमा तय करनी होगी कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। आखिरकार हम सब भारतीय हैं और हमें अपने देश और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए।

## कृति सेनन ने एड में रिवीलिंग कपड़े पहने

यह पूरा विवाद जीवा ज्वेलरी ब्रांड के 36 सेकंड के रक्षाबंधन एडवर्टाइजमेंट से शुरू हुआ था। रक्षाबंधन से जुड़े इस एड में कृति ने ऑफ व्हाइट ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहना था।

### झगड़े के बाद सलीम खान ने सलमान को माफी मांगने के लिए भेजा था

# 'सलमान खान नशे में था, मुझे गालियां दीं'-सुभाष घई






फिल्ममेकर सुभाष घई ने हाल ही में बताया कि सलमान खान के साथ हुए उनके झगड़े के बाद सलीम खान ने सलमान को उनसे माफी मांगने के लिए भेजा था। यह घटना फिल्म युवराज में दोनों के साथ काम करने से पहले हुई थी। घई के मुताबिक, एक पार्टी में सलमान ने कथित तौर पर उन्हें गालियां दी थीं और दोनों के बीच हाथापाई भी हुई थी। इंटरव्यू में सुभाष घई ने बताया, युवराज के लिए सलमान खान के भाई ने मुझसे संपर्क किया और कहा, आप सलमान के साथ फिल्म क्यों नहीं बनाते? मैंने कहा, क्या सलमान इसके लिए तैयार हैं? क्योंकि मैंने उनके साथ कभी काम नहीं किया। उन्होंने कहा, वह तैयार हैं। इसके बाद घई ने फिल्म की कहानी लिखी। उन्होंने कहा, मेरी चुनौती यह थी कि मुझे एक ऐसे किरदार में एक्टर को लेना था, जिसे उसने पहले कभी नहीं निभाया हो।

बता दें कि फिल्म युवराज में सलमान खान के साथ अनिल कपूर और कैटरीना कैफ भी थीं। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस नहीं हो पाई। घई बोले- स्टार इमेज किरदार पर भारी पड़ सकती है फिल्म के कामयाब नहीं होने पर घई ने कहा, कई बार ये किरदार इसलिए काम नहीं करते, क्योंकि स्टार किरदार पर हावी हो जाता है। किरदार निभाने के बजाय खुद को ही निभाता है।

घई ने आगे कहा, एक समय के बाद स्टार खुद का ही कैरिकेचर बन जाते हैं। आप कितनी बार खुद को दोहरा सकते हैं? बच्चन साहब यानी अमिताभ बच्चन को सलाम है कि उन्होंने इतने सारे किरदार निभाए हैं। घई ने झगड़े वाली घटना को याद करते हुए कहा, फिल्म से पहले हमारा झगड़ा हुआ था। हाथापाई हुई थी। इसके बाद उनके (सलमान) पिता ने उन्हें डांटा था। उन्होंने बताया, हम एक पार्टी में थे। सलमान नशे में थे। वह कुछ गलत बात कह रहे थे, तो मैंने उनसे कहा, ऐसा मत कहो। उन्हें मुझसे किसी बात की नाराजगी थी।

घई ने कहा, उन्होंने मुझसे पूछा, तुमने यह या वह क्यों किया? मैंने कहा कि डायरेक्टर के तौर पर यह मेरा फैसला है। वह मुझे गालियां देने लगे। मैंने उनसे ऐसा नहीं करने को कहा। इसके बाद वहां हमारा झगड़ा हो गया।

घई के मुताबिक, इस बहस के बाद सलीम खान ने मामले को सुलझाया। उन्होंने कहा, अगली सुबह सलीम साहब ने मुझे फोन किया और बताया कि सलमान ने अपनी मां को ये सारी बातें बता दी थीं। घई ने कहा, उन्होंने बताया कि मैंने (सलीम) उसे डांटा है। इसके बाद उन्होंने सलमान को मेरे घर माफी मांगने के लिए भेजा। सलमान आए और उन्होंने शालीनता से माफी मांगी।



## फरीदाबाद के कॉलेज में सिंगर सुनंदा शर्मा ने मचाया धमाल

फरीदाबाद शहर के एक निजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पंजाबी और बॉलीवुड की मशहूर गायिका सुनंदा शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से छात्र-छात्राओं में जोश भर दिया। सुनंदा शर्मा के मंच पर पहुंचते ही कॉलेज परिसर तालियों और सीटियों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अन्य लोग उन्हें देखने और सुनने के लिए कार्यक्रम में पहुंचे।

गायिका ने अपने लोकप्रिय पंजाबी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कई गीतों पर विद्यार्थी उनके साथ गाते और झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान सुनंदा शर्मा ने एक के बाद एक अपने लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब,
कितना वक्त बचा है मेरे पास?
डॉक्टर - मर नहीं रहे हो,
6 बजे का अपॉइंटमेंट
था 7 बजे आए हो।



टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा
का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात
दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी
इस बात से तंग आकर घरवालों
ने उसे घर से निकाल दिया
बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया
अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....





## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

**ऊपर से नीचे**

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराना-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ -3
25. सम्मान-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 40 | | 45 | | 32 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 6 | | 45 | | 1 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 3 | | 70 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 10 | | 5 | | 5 | = | 30 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 15 | | 39 | | 15 | | 35 | = | 3/4 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'वर' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

---------------

दिलावर, सरोवर, जोरावर, नटवर, तेवर, अधीश्वर, मुनीश्वर, न्यौछावर, ताकतवर, मानसरोवर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | 6 | | | 3 |
| 2 | 26 | 4 | 40 | | 38 | |
| 4 | 2 | | | 5 | 1 | |
| 5 | 34 | 3 | 37 | 6 | 30 | 1 |
| | 1 | 7 | | | 5 | 2 |
| | 33 | | 24 | 1 | 27 | 6 |
| 7 | 6 | | 4 | 2 | 3 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | + | 15 | - | 74 | x | 2 | = | 40 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | x | ■ | + |
| 40 | - | 25 | + | 50 | - | 25 | = | 40 |
| + | ■ | - | ■ | • | ■ | - | ■ | + |
| 5 | x | 10 | • | 2 | + | 25 | = | 50 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 40 | • | 4 | + | 40 | + | 20 | = | 70 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 4 | + | 34 | + | 52 | - | 5 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु नवताल-

***** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

# नेपाल बाढ़- अज्ञात शवों को दफनाना शुरू, सैकड़ों कब्रें तैयार



## अबतक 804 मौतें; आरोप- 3 महीने पहले ग्लेशियरों की जानकारी मांगी थी, चीन ने नहीं दी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू**

नेपाल में भीषण बाढ़ के बाद अज्ञात शवों का सामूहिक दफन शुरू कर दिया गया है। चितवन के देवघाट जंगल में प्रशासन ने सैकड़ों कब्रें खोदी हैं। यहां उन शवों को दफनाया जा रहा है, जिनकी पहचान नहीं हो पाई है और जो ज्यादा समय बीतने के कारण खराब होने लगे हैं। पिछले दो दिनों में 196 शव दफनाए गए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, कई शव इतनी खराब हालत में मिले हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है। इसलिए हर शव के साथ पहचान नंबर और जरूरी रिकॉर्ड रखा जा रहा है, ताकि आगे उ्ठअ जांच के जरिए उनकी पहचान की जा सके। इस बीच 3 हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं और उनके परिवार अपनों की तलाश में जुटे हैं।

26 अगस्त को तिब्बत में ग्लेशियर टूटने से नेपाल की भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में अचानक बाढ़ आ गई थी। इस आपदा में नेपाल में अब तक 788 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तिब्बत में मरने वालों का आंकड़ा 16 पहुंच गया है। 3 हजार से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

वहीं, इस त्रासदी से पहले चीन से ग्लेशियरों के खतरे की जानकारी साझा करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। 27 मई को नेपाल और चीन के अधिकारियों की बैठक हुई थी। नेपाली अधिकारियों के मुताबिक, उन्होंने ग्लेशियरों में शुरूआती हलचल और जलस्तर की जानकारी पहले से देने की मांग की थी, लेकिन उन्हें चीन से उतनी जानकारी नहीं मिली, जितनी वे चाहते थे।

### 90% प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल

बाढ़ से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के बाद मंत्रालय ने बिजली बहाल करने के साथ वैकल्पिक ऊर्जा की व्यवस्था पर भी काम शुरू किया है। मंत्रालय के मुताबिक, नुवाकोट के करीब 90% प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल हो चुकी है। रसुवा में भी बिजली बहाली का काम तेजी से चल रहा है। बिजली और रोशनी की समस्या से निपटने के लिए मंत्रालय ने 2 किलोवाट के संस्थागत सोलर सिस्टम और 20 वाट के 500 सोलर सेट की व्यवस्था शुरू की थी। इन्हें दूसरे दिन ही वन-डोर सिस्टम के जरिए प्रभावित इलाकों में भेज दिया गया था।



### तिब्बत बॉर्डर पर बनी झील का पानी निकला, बाढ़ का खतरा टला


नेपाल-तिब्बत सीमा के पास ग्लेशियर टूटने के बाद बनी बैरियर झील का पानी प्राकृतिक बहाव से निकल गया है। चीन के जल संसाधन मंत्रालय के मुताबिक, झील में जमा पानी लगभग पूरी तरह बाहर निकल चुका है। इससे डाउनस्ट्रीम इलाकों में झील के फटने से अचानक बाढ़ आने का खतरा फिलहाल टल गया है। यह झील पिछले हफ्ते ग्लेशियर टूटने के बाद चोचेन खोला और चीन की पुरेपु त्सांगपो नदी के संगम के पास बनी थी। इसके पीछे करीब 20 लाख क्यूबिक मीटर पानी जमा हो गया था।

### दलाई लामा ने बाढ़ पीड़ितों के लिए की प्रार्थना

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु 14वें दलाई लामा ने नेपाल और तिब्बत में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के पीड़ितों के लिए विशेष प्रार्थना की। लेह के शेवात्सेल टीचिंग ग्राउंड में उन्होंने बाढ़ में जान गंवाने वालों, लापता लोगों और प्रभावित परिवारों के लिए प्रार्थना की। दलाई लामा की मौजूदगी में लोगों ने पीड़ितों की स्मृति और प्रभावित परिवारों के कल्याण के लिए अवलोकितेश्वर मंत्र का जाप किया। इसे छह अक्षरों वाला मंत्र भी कहा जाता है। दलाई लामा ने इससे पहले 27 अगस्त को भी आपदा पर दुख जताया था। उन्होंने मृतकों के परिजनों और बाढ़ से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की थी। नेपाल में बाढ़ के बाद भारत ने फोरेंसिक और टनल रेस्क्यू टीमें भेजी हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 19 सदस्यीय फोरेंसिक टीम काठमांडू पहुंचकर काम शुरू कर चुकी है। यह टीम बाढ़ में मारे गए लोगों की पहचान के लिए उठअ सैंपल की जांच में नेपाली अधिकारियों की मदद करेगी। वहीं, भारतीय टनल रेस्क्यू टीम ने चिलिमे और लांगटांग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स में नेपाल सेना के सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद की। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक, इन प्रोजेक्ट्स में करीब 898 कर्मचारी अब भी फंसे हुए हैं।

**मलबा भी बड़ा खतरा-** बाढ़ का पानी और कीचड़ सुरंग में भरने से सुरक्षित जगह कम हो सकती है। वहीं मलबा रास्ता बंद कर सकता है और सुरंग की सुरक्षा को भी प्रभावित कर सकता है।

# ईरान पर एक महीने बाद फिर हमला किया




### जंग के बाद दो रास्तों में बंटा होर्मुज

जंग शुरू होने से पहले होर्मुज को एक ही समुद्री रास्ता माना जाता था। जहाज तय रास्ते से गुजरते थे। उनका रास्ता बंदरगाह, जहाज के समझौते और सुरक्षा को देखकर तय होता था। लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद यहां दो अलग रास्तों की बात होने लगी।

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिकी सेना ने ईरान पर करीब एक महीने बाद फिर हमला किया है। रविवार को ईरान के लारक द्वीप पर दो रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया गया। लारक द्वीप होर्मुज स्ट्रेट के पास स्थित है। अमेरिका के मुताबिक, ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के जवान यहां से होर्मुज स्ट्रेट में रॉकेट और समुद्री बारूदी सुरंगें लॉन्च करने की तैयारी कर रहे थे। ईरानी सेना ने दावा किया कि इसमें कई सैनिक और नागरिक मारे गए, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। अमेरिकी हमले के कुछ समय बाद ईरान ने जॉर्डन में दो अमेरिकी एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया। प्रेस टीवी के मुताबिक, किंग हुसैन और अल-अजराक एयरबेस के तकनीकी एवं रखरखाव ढांचे और लड़ाकू



विमानों की पोजिशन को निशाना बनाया गया। हालांकि, अल अरबिया के मुताबिक जॉर्डन की एयर डिफेंस ने ईरानी मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर दिया।

लारक द्वीप ईरान के प्रमुख बंदरगाह बंदर अब्बास के पास है और होर्मुज के ठीक बीच में स्थित है। यह समुद्री रास्ता दुनिया के लिए बेहद अहम है, क्योंकि युद्ध से पहले दुनिया के इस्तेमाल होने वाले करीब 20% तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस की आवाजाही इसी रास्ते से होती थी। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान फिलहाल इस द्वीप के पास से गुजरने वाले टैंकरों की जांच कर रहा है और जहाजों से स्ट्रेट पार करने के लिए 20 लाख डॉलर यानी करीब 19 करोड़ तक टैक्स वसूल रहा है।

अमेरिकी सेना ने पिछले हफ्ते होर्मुज स्ट्रेट के अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से समुद्री बारूदी सुरंगें हटाने का काम पूरा किया था।

## पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी अरब की पहली रक्षा बैठक आज



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी अरब के बीच मक्का संयुक्त रक्षा समझौते के तहत पहली बैठक सोमवार को इस्तांबुल में होगी। बैठक में तीनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री के साथ सैन्य प्रमुख भी शामिल होंगे। पाकिस्तान की ओर से उपप्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ और सेना प्रमुख एवं चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये ने 7 अगस्त को मक्का में संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत किसी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस समझौते को तीनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। मक्का रक्षा समझौते के तहत बनी रणनीतिक राजनीतिक और रक्षा समिति की पहली बैठक का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन क्षेत्रीय सुरक्षा, ईरान से जुड़े हालात, रक्षा सहयोग और आपसी सुरक्षा रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है।

इसके अलावा क्षेत्र में बढ़ते तनाव और संभावित सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए आपसी तालमेल मजबूत करने पर भी विचार किया जा सकता है।

## यूक्रेन- घरों के बीच छिपे हथियार डिपो पर रूसी हमला



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कीव**

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के पास शनिवार को एक हथियार डिपो पर ड्रोन हमला किया। हमले के बाद डिपो में रखे गोले, बारूदी सुरंगें और ड्रोन फटने लगे।

धमाकों से आसपास के घरों और दूसरी इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। इइउ की रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना में कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है, जबकि 130 घरों को नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार देर रात हुए इस हमले के बाद शनिवार को भी घटनास्थल पर राहत और बचाव का काम जारी रहा। धमाकों में 42 लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हथियारों का यह भंडार रिहायशी इलाके के इतने करीब नहीं होना चाहिए था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने कीव के पश्चिम में स्थित मिला गांव में एक हथियार डिपो को निशाना बनाया था। 45 साल के स्थानीय निवासी ल्यूबोव पावलेंको का घर हथियार डिपो से करीब 200 मीटर दूर है। नुकसान दिखाते हुए बताया कि पूरी बाहरी दीवारों पर दरारें पड़ गई हैं और खिड़कियों के आसपास भी दरारें हैं।

# तुर्किये जा रही फेरी बोट समुद्र में पलटी:7 की मौत, 24 लापता

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ साइप्रस**

मेडिटेरियन सी में तुर्किये जा रही फेरी बोट रविवार को समुद्र में पलट गई। यह फेरी यूरोपीय देश साइप्रस के उत्तरी तट से 270 से ज्यादा यात्रियों के साथ रवाना हुई थी। तुर्किये की मीडिया के मुताबिक, हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है।

उत्तरी साइप्रस के प्रधानमंत्री उनाल उस्तेल ने बताया कि अब तक 237 लोगों को बचा लिया गया है। कई यात्रियों ने पलटी बोट के ऊपर चढ़कर अपनी जान बचाने की कोशिश की थी। वहीं, 24 अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के बीच फेरी रवाना हुई थी और निकलने के करीब 15 मिनट बाद उसमें पानी भरने लगा। इसके बाद यह हादसा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, राहत और बचाव दल मौके पर लगातार जुटे हुए हैं।

तुर्किये मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्तरी साइप्रस तट से करीब 7.5 किमी दूर ही यह हादसा हुआ। कैटामरैन शैली की यह फेरी मर्सिन प्रांत के तुर्किये पोर्ट तासुकु जा रही थी। यह उत्तरी साइप्रस के काइरेनिया पोर्ट से रवाना हुई थी।



कैटामरैन एक खास तरह की नाव या फेरी होती है। इसकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि इसमें नीचे दो समानांतर हिस्से (हुल) होते हैं। यही डिजाइन इसे पानी में ज्यादा स्थिर रखने में मदद करता है। लेकिन यह पूरी तरह पलटने के खतरे से सुरक्षित नहीं होता। बहुत खराब मौसम, तेज हवाओं और ऊंची लहरों में गलत तरीके से चलाने पर इसके पलटने का खतरा हो सकता है। जरूरत से ज्यादा यात्रियों या सामान का भार भी जोखिम बढ़ा सकता है। सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि अगर कैटामरैन पलट जाए, तो उसे दोबारा सीधा करना सामान्य जहाज की तुलना में ज्यादा मुश्किल हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के मुताबिक फेरी हादसों में 95% से ज्यादा मौतें घरेलू मार्गों पर होती हैं। इसलिए 2022 में घरेलू फेरी की सुरक्षा के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए गए। इनमें जहाज की जांच, कर्मचारियों की संख्या, सुरक्षा इंतजाम, आपात स्थिति में संपर्क और बचाव के साधनों के नियम शामिल हैं।

### 1987: हेराल्ड हादसे के बाद पहली बार नियम बदले

बेल्जियम के पास हेराल्ड ऑफ फ्री एंटरप्राइज फेरी पलटने से 193 लोगों की मौत हुई। जहाज का अगला दरवाजा खुला रह गया था, जिससे पानी अंदर भर गया। इसके बाद नियम बदले गए। दरवाजा खुला है या बंद, इसकी जानकारी ब्रिज पर मिलना जरूरी हुआ। साथ ही कैमरा या पानी रिसने की चेतावनी देने वाली व्यवस्था लगाना जरूरी किया गया।

बाल्टिक सागर में एस्टोनिया फेरी डूबने से 850 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। इसके बाद 1995 में नियम बदले गए। जहाज में पानी भरने के बाद भी उसके स्थिर रहने और न पलटने की क्षमता जांचना जरूरी हुआ। आपातकालीन सूचना और सुरक्षित निकासी के नियम भी मजबूत किए गए। नए सुरक्षा प्रबंधन नियमों में जहाज चलाने वाली कंपनी की जिम्मेदारी तय हुई। यानी सुरक्षा सिर्फ कप्तान और क्रू का काम नहीं रही। नए नियमों में 'सुरक्षित रूप से बंदरगाह लौटने' की व्यवस्था की गई। यानी गंभीर नुकसान के बाद भी जहाज के जरूरी सिस्टम कुछ समय तक काम करते रहें, ताकि यात्रियों को तुरंत समुद्र में उतारने की नौबत न आए और जहाज सुरक्षित बंदरगाह लौट सके।

### पगड़ी पहने पंजाबी युवकों को होटल में नहीं मिली एंट्री

**जालंधर।** पंजाब के सिख युवकों को ऑस्ट्रिया के साल्जबर्ग शहर में स्थित कूल मामा होटल ने एंट्री नहीं दी। मोहाली में ट्रेडिंग फर्म चलाने वाले सिख युवक जसप्रीत ने दावा किया कि होटल मैनेजमेंट ने कहा कि पगड़ी वाले यहां नहीं रह सकते। उन्होंने 27 अगस्त को होटल की ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। जब निकालने का कारण पूछा तो बताया गया कि होटल का ड्रेस कोड है, यहां पगड़ी की इजाजत नहीं है। इनसे रिफंड मांगा तो पैसा रिफंड नहीं किया गया। जसप्रीत ने इसका वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। होटल मैनजमेंट ने कहा कि बुकिंग से पहले ही हमने अपनी वेबसाइट पर मेंशन किया है कि पगड़ी वालों के लिए होटल, रेस्टोरेंट और बार बुक नहीं होगा। जसप्रीत ने 27 अगस्त को वीडियो शेयर किया। उन्होंने बताया कि हम इस समय ऑस्ट्रिया के साल्जबर्ग शहर में मौजूद हैं और यहां कूल मामा नाम के होटल में ठहरने के लिए पहुंचे थे। यहां हमारे साथ जो व्यवहार हुआ है, उसने पूरी यात्रा का मजा खराब कर दिया है। एक पर्यटक के तौर पर किसी खूबसूरत शहर में आकर ऐसी स्थिति का सामना करना निराशाजनक है। होटल मैनेजमेंट मेहमानों के साथ अजीब और अपमानजनक रवैया अपना रहा है, जिससे किसी भी यात्री का मन दुखी होना स्वाभाविक है।

### न्यूयॉर्क में भागवत के कार्यक्रम से पहले तिरंगे का अपमान

**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम स्थल के बाहर भारतीय झंडे के अपमान का मामला सामने आया है। कार्यक्रम मैडिसन स्क्वायर गार्डन हुआ, जिसके विरोध कर रहे कई लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने तिरंगे के अपमान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। रिजिजू ने रविवार रात पर घटना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- हमने हमेशा कहा है कि फ्रर, इखढ या सरकार की आलोचना करने की आजादी है, लेकिन हमारे झंडे और मेरे देश का अपमान मत करो। यह बहुत महंगा पड़ेगा।

रिजिजू की ओर से शेयर किए गए वीडियो में मैडिसन स्क्वायर के बाहर एक प्रदर्शनकारी भारतीय झंडे को अपने पैर में बांधकर अपमान करता नजर आया। फिर कुछ अन्य प्रदर्शनकारियों ने तिरंगे के कई टुकड़े कर दिए। फिर खालिस्तान समर्थक नारे भी लगाए।

### दिल्ली- स्कूल में नर्सरी की बच्ची का यौन शोषण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बवाना इलाके के एक प्राइवेट स्कूल में तीन साल की छात्रा के यौन शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में स्कूल में काम करने वाले कैब ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने नर्सरी में पढ़ने वाली बच्ची को चॉकलेट का लालच दिया और उसे कई बार गलत तरीके से छुआ। बच्ची की मां ने उसके व्यवहार में बदलाव देखा तो उससे इस बारे में पूछा। बच्ची ने मां को स्कूल में आने वाले एक बैड अंकल के बारे में बताया। बच्ची आरोपी का नाम नहीं बता सकी, इसलिए उसके माता-पिता ने स्कूल प्रशासन को जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया, उउळश फुटेज में आरोपी स्कूल परिसर में जेब में चॉकलेट रखकर घूमता दिख रहा है। आरोप है कि जब बच्ची वॉशरूम गई, तब वह उसके पीछे गया। उसने बच्ची को चॉकलेट दी और सीढ़ियों के नीचे ले जाकर उसके साथ गलत हरकत की। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, फोन में आरोपी के कई छोटे बच्चों को चॉकलेट देते हुए वीडियो मिले हैं।

### एथेनॉल ब्लेंडिंग पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आज यानी सोमवार (31 अगस्त) को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें देश के सभी पेट्रोल पंपों के नोजल और पेट्रोल बिल पर एथेनॉल की सटीक मात्रा यानी प्रतिशत लिखे होने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। यह याचिका नरेंद्र कुमार गोस्वामी की ओर से दायर की गई है। याचिका में केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि पेट्रोल पंपों की हर डिस्पेंसिंग नोजल पर एथेनॉल ब्लेंडिंग का प्रतिशत स्पष्ट रूप से लिखा जाए। इसके साथ ही, जब भी कोई ग्राहक पेट्रोल खरीदे, तो उसको मिलने वाली रसीद पर भी यह अनिवार्य रूप से लिखा हो कि उस ईंधन में कितने प्रतिशत एथेनॉल मिला हुआ है।

### दिल्ली में स्लीपर बस में छात्रा से गैंगरेप, 47 किमी सड़क पर दौड़ती रही बस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 16 साल की छात्रा से चलती स्लीपर बस में कथित गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, बस करीब 47 किलोमीटर चलने के बाद छात्रा को एक बड़े बस टर्मिनल के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए। घटना 4 अगस्त की रात कश्मीरी गेट इलाके में हुई। पुलिस ने बस ड्राइवर कुलदीप और कंडक्टर संदीप को गिरफ्तार किया है। पीड़िता उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली और 11वीं कक्षा की छात्रा है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, 4 अगस्त को घर में विवाद के बाद छात्रा परिवार को बिना बताए निकल गई थी। वह नोएडा में रहने वाले अपने कजिन से मिलने जा रही थी। भारी बारिश और अंधेरा होने के कारण वह गलती से परी चौक पर उतर गई। इसी दौरान वहां से एक खाली स्लीपर बस गुजरी। छात्रा ने बारिश में फंसने के बाद मदद मांगी और बस को रुकने का इशारा किया, जिसके बाद बस रुक गई। ड्राइवर और कंडक्टर ने उसे बस में बैठने दिया और बताया कि बस नोएडा सेक्टर-63 जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बस चलने के कुछ समय बाद कंडक्टर ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश शुरू की।

■ वर्ष-12 अंक-297 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

अधमा: धनमिच्छन्ति धनं मानं च मध्यमा:।
उत्तमा: मानमिच्छन्ति मानो हि महताम् धनम्।।

**भावार्थ** : निम्न वर्ग के लोग केवल पैसा चाहते हैं। एक मध्यम वर्ग का आदमी पैसा और सम्मान दोनों चाहता है। दूसरी ओर, उच्च पद के व्यक्ति के लिए केवल सम्मान होता है। सम्मान से अधिक मूल्यवान।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 31 अगस्त, 2026

शिरसि विधृतोरपि नित्यं यत्नादपि सेवितो बहुस्नेहैः।
तरुणीकच इव नीचः कौटिल्यं नैव विजहाति।।

**भावार्थ** : यद्यपि एक युवती नियमित रूप से अपने सिर के बालों में बड़ी सावधानी और प्यार से कंघी करती है, लेकिन उसके बाल आपस में नहीं उलझते। इसी तरह गरीबों के प्रति कितना भी प्यार दिखाया जाए, वे अपनी स्वाभाविक बुराई को नहीं छोड़ते हैं।

## धनबादजिल्हे पुलिसाधिकारिणः कर्मचारिणः च कृष्णवर्णीयं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

झारखण्डपुलिसपुरुषसङ्घस्य रांचीयाः निदेशान् अनुसृत्य धनबादजिल्हे पुलिसाधिकारिणः, कर्मचारिणः च कृष्णवर्णीयं बिल्लां धारयित्वा स्वस्य विरोधस्य पञ्जीकरणं करिष्यन्ति। अहं फाँसीं गमिष्यामि, परन्तु अहं क्षमायाचनां न करिष्यामि। पुलिससङ्घस्य आग्रहस्य प्रतिक्रियारूपेण विधायकः जयराम महतो अपि दृढं वृत्तिम् अङ्गीकृतवान् अस्ति। सः निर्विवादरूपेण अवदत् यत्, अहं क्षमायाचनां अपेक्षया फाँसीं गन्तुं वरम् इति। पुलिससङ्घस्य आरोपं खण्डयन् विधायकः व्याख्यातवान् यत् सः स्टेशनहाउस-अधिकारिणः सह व्यक्तिगतं दूरभाष-वातालापं कृतवान्।

## सम्पादकीयम्

### बालोगुन् विवादः

फीफा-संस्थायाः यू-टर्न् तथा च ट्रम्प-सम्बद्धता! बालोगुन् विवादः फुटबॉलविश्वकपस्य क्रीडायाः राजनीतिं प्रति ध्यानं स्थानान्तरयति अमेरिकी-स्ट्राइकर-फोलारिन् बालोगुन्-इत्यस्य फुटबॉल-विश्वकप-क्रीडायां निलम्बनस्य विषये फीफा-सङ्घस्य निर्णयेन विवादः उत्पन्नः अस्ति। लालपत्रस्य अनन्तरं दण्डस्य परिवर्तनं-तथा ट्रम्प-सम्बन्धस्य आरोपाः-सङ्गठनस्य निष्पक्षतायाः पारदर्शितायाः च विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति समीक्षकाः तर्कयन्ति यत् एतत् क्रीडां राजनैतिकप्रभावात् मुक्तं स्थापयितुं फीफा-सङ्घस्य प्रमुखं दायित्वम् अस्ति। अस्मिन् फुटबॉलविश्वकपस्य अनेकानि अपूर्वतत्त्वानि सन्ति। तथापि आयोजनस्य आरम्भे एव वातालापः क्रीडायाः अपेक्षया अमेरिका-ईरान-विरोधस्य विषये अधिकं केन्द्रितः आसीत्। अधुना अमेरिकी-स्ट्राइकरं फोलारिन् बालोगुन् इत्यस्य विषये विवादः क्रीडायां राजनैतिकहस्तक्षेपस्य विषये चिन्ताम् अधिकं वर्धयति। दबावेन निर्णयः परिवर्तितः नकआउट्-क्रीडायाः समये लालपत्रं प्राप्य बालोगुन्-महोदयस्य एक-क्रीडायाः निलम्बनं कृतम्। प्रारम्भे फीफा-सङ्घः, अमेरिकी-फुटबॉल-सङ्घः च द्वयोः कथनमस्ति यत्, अस्य निर्णयस्य अपीलं कर्तुं न शक्यते यतोहि अस्मिन् निर्णये सीधा रक्तपत्रं भवति। परन्तु फीफा इत्यनेन अचानकं बालोगुन् इत्यस्य प्रतिबन्धं स्थगितम्।

भूस्खलनेन अथवा शिलामलस्य कारणेन-यत् जलदाबस्य आकस्मिकं

# उदयं जनयति अनेन भोटेकोशीनद्यां आकस्मिकं उच्चवेगयुक्तं प्रवाहं प्रेरितम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



प्रारम्भिकमूल्यांकनानि नदीयाः मार्गे सम्भाव्यं बाधकं दर्शयन्ति-तिब्बत-नेपालसीमायाः समीपे भूस्खलनेन अथवा शिलामलस्य कारणेन-यत् जलदाबस्य आकस्मिकं उदयं जनयति अनेन भोटेकोशीनद्यां आकस्मिकं उच्चवेगयुक्तं प्रवाहं प्रेरितम्, जलं त्रिशूलीनदीव्यवस्थां प्रति निर्देशयति स्म। परन्तु घटनानां सटीककारणस्य क्रमस्य च अन्वेषणं प्रचलति।

नेपालस्य रसुवामण्डले एव स्थितिः सर्वाधिकं गम्भीरा इति कथ्यते। जलप्रलयेन मार्गाणां, वाणिज्यिकसंरचनानां, अनेकजलविद्युत्परियोजनानां च क्षतिः अभवत्, सीमापारव्यापारमार्गेषु अपि प्रभावः अभवत्। असंख्यानां सेतुनां, मार्गाणां च विनाशेन प्रभावितक्षेत्रेषु प्रवेशः कठिनः अभवत्। प्रतिकूलमौसमस्य, मलिनतायाः, क्षतिग्रस्तप्रवेशमार्गस्य च कारणेन उद्धारदलाः अपि आव्हानानां सामनं कुर्वन्ति। लापतानां भारतीयनागरिकाणां विषये अपि चिन्ता वर्धिता अस्ति। नेपालपर्यटनमण्डलस्य प्रारम्भिकसूचनानुसारं प्रभावितक्षेत्रेषु येषां २९१ विदेशीयनागरिकाणां मध्ये १०५ भारतीयनागरिकाः सन्ति येषां सह सम्पर्कं कर्तुं न शक्तवान्। एतेषां व्यक्तिनां महती संख्या कैलाशमंसरोवरयात्रायां तीर्थयात्रिकाः इति कथ्यते। परन्तु अधिकारिणः स्पष्टीकृतवन्तः यत् एषा प्रारम्भिकसूची अस्ति; नेपालपर्यटनमण्डलं, पर्यटनपुलिसः, स्थानीयप्रशासनं, सुरक्षासंस्थाः, यात्राकम्पनयः च मिलित्वा लापतानां वास्तविकस्थितिं सत्यापयितुं कार्यं कुर्वन्ति।

काठमाण्डौ स्थितेन भारतीयदूतावासेन अपि प्रभावितभारतीयनागरिकाणां सहायार्थं आपत्कालीनसंपर्कसङ्ख्याः निर्गताः। दूतावासः नेपालसर्वकारस्य सम्बद्धैः अधिकारिभिः सह सम्पर्कं कुर्वन् अस्ति, भारतीयनागरिकाणां उद्धाराय, राहतार्थं च प्रयत्नाः समन्वयिताः सन्ति। पर्यटकानां परिवाराणां च सहायार्थं नेपालपर्यटनमण्डलेन सहायतारेखा अपि प्रारब्धा अस्ति। नेपाले राहत-उद्धार-कार्यक्रमेषु सेना-सुरक्षाबलयोः तैनाता कृता अस्ति। प्रभावितक्षेत्राणि प्राप्तुं हेलिकॉप्टरस्य उपयोगेन जनान् निष्कासयितुं च प्रयत्नाः प्रचलन्ति। अनेकक्षेत्रेषु संचारस्य, मार्गसंपर्कस्य च बाधायाः कारणात लापतानां सटीकसङ्ख्यां, स्थितिं च तत्क्षणं निर्धारयितुं एकं आव्हानं वर्तते।

नदीतीरे निवसतां जनानां कृते सुरक्षितस्थानेषु गन्तुं आह्वानं कृतम् अस्ति। भारतसर्वकारेण अपि नेपाले दुःखदघटनायाः विषये चिन्ता प्रकटिता अस्ति। प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी नेपालस्य प्रधानमन्त्रिणा सह वातालापं कृत्वा प्राणानां सम्पत्तिनां च हानिः इति दुःखं प्रकटयन् भारतात् सर्वा सम्भवं मानवीयसहायतां च प्रदत्तवान्। भारतीयसंस्थाः नेपाले प्रभावितभारतीयनागरिकाणां सूचनां संग्रहयन्ति, राहत-उद्धार-कार्यक्रमेषु च सहायतां कुर्वन्ति।

सम्प्रति बिहार-उत्तरप्रदेशयोः प्राथमिकचिन्ता नेपालतः आगच्छन्त्याः अतिरिक्तजलस्य सम्भाव्यप्रभावस्य परितः परिभ्रमति। गण्डकस्य तस्य सहायकनदीनां च जलस्तरस्य वर्धनेन सीमाप्रदेशेषु, निम्नक्षेत्रेषु च दबावः भवितुम् अर्हति। फलतः बिहारे बैरेज-तटब-निरीक्षणं तीव्रं कृतम्, उत्तरप्रदेशे नदीतीरेषु स्थितानि मण्डलानि सतर्कतायां स्थापितानि च। नेपालदेशस्य स्थितिः अद्यापि पूर्णतया सामान्या न अभवत्, केषुचित् क्षेत्रेषु अपि अधिकजलप्लावनस्य जोखिमः अद्यापि वर्तते।

पटवारी इत्यनेन दर्शितं यत्

# भाजपानेतारः पूर्वं प्रतिकिलोग्रामं १३ मूल्येन शर्करराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

पटवारी इत्यनेन दर्शितं यत् भाजपानेतारः पूर्वं प्रतिकिलोग्रामं १३ मूल्येन शर्करायाः प्रतिज्ञां कुर्वन्ति स्म, तथापि अधुना मूल्यवृद्धेः विषये प्रश्ने ते एतादृशानि निराकरणात्मकानि टिप्पण्यानि कुर्वन्ति। शर्करा अपि महती भवति चेत समस्या न भविष्यति इति मन्त्रिणः वक्तव्ये विवादः केन्द्रितः अस्ति। यद्यपि विपक्षः एतत् महङ्गानि प्रति सर्वकारस्य असंवेदनशीलतायाः प्रतिबिम्बं मन्यते तथापि स्वास्थ्यकारणात शर्करायाः सेवनं सीमितं कर्तुं मन्त्रिणः प्राथमिकं बलं दत्तवान् परन्तु शर्करा न केवलं गृहेषु अपितु चाय-मिष्टान्न-विविध-आहार-उत्पादयोः अपि बहुधा प्रयुक्तः नित्य-वस्तु इति दृष्ट्वा राजनैतिक-पदेषु अपि अस्य वचनस्य व्याख्या क्रियते

मूल्यानां विषये मन्त्री वर्तमानवृद्धिः स्थायित्वं नास्ति इति सूचितवान्। सः अवलोकितवान् यत् केवलं द्वयोः दिवसयोः अन्तः शर्करायाः मूल्यं 70 तः प्रायः 60 प्रतिकिलोग्रामं यावत् न्यूनीकृतम्, अतः अधिकं न्यूनीकरणस्य सम्भावना अस्ति। फलतः सः तत्कालं विशिष्टं राहतपरिहारं न घोषितवान्; तस्य स्थाने सः सर्वकारीय-उचित-मूल्य-दुकानानां माध्यमेन बालकानां कृते किफायती-शर्करा-उपलब्धस्य विषये उक्तवान्।

विजयवर्गीयस्य वक्तव्ये स्वास्थ्यसम्बद्धाः तर्काः अपि प्रमुखतया दृश्यन्ते स्म। सः ४० वर्षेभ्यः परं शर्करायाः सेवनं न कर्तुं परामर्शं दत्तवान् यद्यपि सः एतत् उपदेशं कस्यापि विशिष्टस्य चिकित्साशास्त्रस्य अध्ययनस्य वा विशेषज्ञमतस्य वा कारणं न कृतवान्। तस्य टिप्पण्याः एषः पक्षः ध्यानं आकर्षितवान् यतोहि प्रश्नः शर्करामूल्यानां विषये आसीत् तथापि सः विषयं उपभोगेन स्वास्थ्येन च सह सम्बद्धय प्रतिक्रियां दत्तवान्।

### राशिफल

**मेष** : सिर में भारीपन या थकान महसूस हो सकती है। रिश्तों में छोटी-सी बात तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए बहस से बचें।

**वृषभ** : भाई-बहन से जुड़ी कोई बात चिंता दे सकती है। कामकाज सामान्य गति से चलता रहेगा।

**मिथुन** : ऑफिस में अपनी योग्यता साबित करने के लिए अवसरों का उपयोग करें। लगातार काम करना जरूरी है।

**कर्क** : विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई में ध्यान लगाने का अच्छा मौका रहेगा। प्रेम संबंध सामान्य बने रहेंगे।

**सिंह** : बिना सोचे जोखिम लेने से बचें। काम में मन कम लगेगा, फिर भी जरूरी जिम्मेदारियां पूरी करनी होंगी।

**कन्या** : परिवार में किसी बात पर मतभेद हो सकता है, इसलिए बोलने से पहले सोचें। प्रेम संबंधों में गलतफहमी को बढ़ने न दें।

**तुला** : कार्यस्थल पर आपकी राय को सम्मान मिल सकता है और किसी महत्वपूर्ण चर्चा में आपकी भूमिका रहेगी।

**वृश्चिक** : किसी करीबी की सलाह पर तुरंत अमल करने से पहले जानकारी जरूर जांच लें। ऑफिस में काम सामान्य रहेगा।

**धनु** : आर्थिक स्थिति संभली हुई रहेगी। निवेश से जुड़ा कोई विचार मन में आ सकता है, मगर फिलहाल जल्दबाजी न करें।

**मकर** : जल्दबाजी न करें, छोटी-मोटी चोट से सावधान रहें। नौकरी या व्यवसाय में लिया गया फैसला आपके हित में जा सकता है।

**कुंभ** : कामकाज की स्थिति संतोषजनक रहेगी, हालांकि वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत में शब्दों का चयन ध्यान से करें।

**मीन** : अचानक आने वाले खर्चों के कारण बजट बिगड़ सकता है, इसलिए गैरजरूरी खरीदारी रोकें।

## ज्योतिष/वास्तु

# अक्टूबर तक इन राशियों के लिए समय रहेगा लाभकारी, नौकरी-परीक्षा में भाग्य देगा साथ

गुरु के कर्क में होने से कुछ राशि वालों को किस्मत का भरपूर साथ मिल सकता है। साथ ही संतान और यात्राओं से जुड़ी बाधाओं से भी राहत मिलने की संभावना है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, अक्तूबर तक किन राशि वालों के लिए समय लाभकारी साबित हो सकता है।

ज्योतिष में सूर्य जहां आत्मविश्वास के कारक माने जाते हैं, वहीं गुरु भाग्य, ज्ञान-सफलता और उन्नति के ग्रह हैं। कुंडली में उनका प्रभाव व्यक्ति की किस्मत और जीवन के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर गहरा असर डालता है। यही नहीं, गुरु अपने गोचर से भी राशियों को लाभ और सफलता प्रदान करते हैं। वर्तमान में वह कर्क राशि में विराजमान हैं। ज्योतिषियों की मानें तो देवगुरु बृहस्पति यानी गुरु कर्क राशि में उच्च के होते हैं, इसलिए उन्हें अधिक बलवान और शुभ माना गया है। गुरु यहां 31 अक्तूबर तक बने रहेंगे। ऐसे में अक्तूबर तक का यह समय कुछ राशियों के लिए नए अवसर लेकर आ सकता है। साथ ही उनका असर जातकों के भाग्य को भी मजबूत बना सकता है। इस दौरान नौकरी, परीक्षा और करियर में मनचाहे



परिणामों की प्राप्ति होने के योग भी बन सकते हैं। ऐसे में आइए इन भाग्यशाली राशियों के नाम जानते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि में गुरु विराजमान हैं, इसलिए यह समय आपके लिए प्रभावशाली और लाभकारी रह सकता है। धन लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं और नौकरी में मनचाहे मौके मिलने की संभावना रहेगी। किसी खास प्रोजेक्ट या महत्वपूर्ण कार्य में आपको सफलता मिल सकती है। इस दौरान आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। छात्रों को लिए पढ़ाई में बेहतर रिजल्ट की प्राप्ति हो सकती है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं और आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने की संभावना रहेगी।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों का मान-सम्मान बढ़ सकता है। आप किसी भी काम को पूरा करने के लिए जो भी मेहनत करेंगे, उसमें सफलता मिलने की संभावना रहेगी। नौकरी और कारोबार में आपको अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी और आगे बढ़ने के नए अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। जीवन में मान-सम्मान में वृद्धि के योग हैं। परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों को भी अपनी मेहनत का अच्छा फल मिलने की संभावना है।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों को धन लाभ हो सकता है। आप परिवार वालों को कोई वस्तु उपहार के रूप में दे सकते हैं, जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा। कई कार्यों में भाग्य का साथ मिलने की संभावना रहेगी और सफलता आपके कदम चूम सकती है। आर्थिक मामलों में भी स्थिति बेहतर रहने की संभावना है। नौकरी से जुड़ी कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। करियर में सकारात्मक बदलाव के साथ नए अवसर प्राप्त होने की संभावना रहेगी। आय के भरपूर मौके मिलेंगे। प्रमोशन के साथ सैलरी बढ़ने की संभावना भी बन सकती है।

फाइनल में स्पेन को हराया, पाकिस्तान के सबसे ज्यादा 4 खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी

# जर्मनी चौथी बार हॉकी वर्ल्ड चैंपियन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेल्जियम

जर्मनी ने स्पेन को 1-0 से हराकर हॉकी वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। उसने लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम की है। जर्मनी टूर्नामेंट के इतिहास में चौथी बार चैंपियन बना है।

बेल्जियम के वॉवर में रविवार को जर्मनी के लिए मैच का एकमात्र गोल मिशेल स्ट्रूथॉफ ने 44वें मिनट में किया। स्पेन ने 24 सर्कल एंट्री की, जबकि जर्मनी की 12 रही। स्पेन ने 9 शॉट और जर्मनी ने 5 शॉट लगाए।

पहले हाफ में गोल नहीं हुआ। तीसरे क्वार्टर में स्पेन ने लगातार अटैक किए, लेकिन 44वें मिनट में जर्मनी ने काउंटर अटैक पर बढ़त बना ली। स्ट्रूथॉफ ने गोलकीपर को छकाते हुए गेंद नेट में पहुंचा दी।

इस जीत के साथ जर्मनी के वर्ल्ड कप खिताबों की संख्या 4 हो गई है। पाकिस्तान ने भी 4 बार यह ट्रॉफी जीती है। पाकिस्तान के खिताब 1971, 1978, 1982 और 1994 में आए थे। जर्मनी ने 2002, 2006, 2023 और 2026 में खिताब जीता।



**फाइनल में स्पेन के मौके ज्यादा-** स्पेन ने फाइनल में जर्मनी से ज्यादा आक्रामक खेल दिखाया। टीम ने तीसरे क्वार्टर में 10 बार जर्मन सर्कल में प्रवेश किया और कई मौके बनाए, लेकिन फिनिशिंग कमजोर रही। जर्मनी ने अपने सीमित मौकों में से एक को गोल में बदलकर मैच जीत लिया। स्पेन की टीम 1998 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंची थी। हालांकि, उसका पहला वर्ल्ड कप खिताब जीतने का इंतजार जारी रहा।

**जर्मनी ने ओलिंपिक सिल्वर जीता-** 2021 टोक्यो ओलिंपिक के ब्रॉन्ज मेडल मैच में भारत से हारने के बाद जर्मनी ने शानदार वापसी की। टीम ने इसके बाद दो वर्ल्ड कप, एक ओलिंपिक सिल्वर और एक यूरोपियन खिताब जीता है। जर्मनी के कोच आंद्रे हेनिंग के लिए यह 2022 में टीम की कमान संभालने के बाद चौथा बड़ा खिताब है।

**अर्जेंटीना ने ब्रॉन्ज जीता-** ब्रॉन्ज मेडल मैच में अर्जेंटीना ने नीदरलैंड्स को 2-1 से हराया। मैथियास रे ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से विजयी गोल किया।

**भारत 8वें स्थान पर रहा-** भारत ने इस वर्ल्ड कप 2026 में 8वां स्थान हासिल किया। 7वें-8वें स्थान के मुकाबले में भारत और बेल्जियम का मैच 3-3 से ड्रॉ रहा, लेकिन शूटआउट में बेल्जियम ने 4-3 से जीत दर्ज की। भारत दूसरे राउंड में अर्जेंटीना से 3-5 और नीदरलैंड्स से 1-3 से हारकर सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गया था।

## मेसी के 4 गोल से इंटर मियामी जीता, लीग में सीजन के टॉप गोल स्कोरर बने

लियोनेल मेसी के 4 गोल की मदद से इंटर मियामी ने सीएफ मॉन्ट्रियल को 7-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकर में लगातार 5 मैच हारने के बाद मियामी को यह जीत मिली है। 39 साल के लियोनल मेसी सात में से पांच गोल में शामिल रहे। उन्होंने चार गोल किए और लुइस सुआरेज को गोल करने में असिस्ट भी किया। मेसी ने इस सीजन के 19 मैचों में 18 गोल किए हैं। वे लीग के टॉप गोल स्कोरर बन गए हैं। उन्होंने एफसी डलास के पीटर मूसा के 16 गोल को पीछे छोड़ा। साथ ही मेसी ने टछर के इतिहास में सबसे कम मैचों में 20 मल्टी गोल मुकाबले पूरे किए। उन्होंने सिर्फ 74 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। इंटर मियामी के लिए मेसी ने पहली बार एक मैच में 4 गोल किए। किसी भी लीग में उनकी यह परफॉर्मेंस 6 साल बाद आई है। इससे पहले फरवरी 2020 में उन्होंने ला लिगा में बार्सिलोना की ओर से एइबार के खिलाफ 4 गोल किए थे। उन्होंने करियर में 8वीं बार किसी मैच में 4 या उससे अधिक गोल किया है। इंटर मियामी ने 20वें मिनट में बढ़त बनाई। तेलास्को सेगोविया के कॉर्नर पर कासेमिरो ने हेडर से गोल किया। यह क्लब के लिए कासेमिरो का पहला गोल था। 37वें मिनट में फैबियन हर्बर्स के गोल से मॉन्ट्रियल ने स्कोर 1-1 कर दिया। इसके 3 मिनट बाद ही मेसी ने फ्री किक पर गोल कर मियामी को फिर बढ़त दिला दी। गेंद गोलकीपर थॉमस गिलियर से आगे जाने से पहले एक खिलाड़ी से टकराकर दिशा बदल गई।

## 15 साल की तन्वी ने जीता पहला सीनियर बैडमिंटन खिताब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंडोनेशिया

भारत की 15 साल की बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पात्री ने इंडोनेशिया में पोंटियानक इंटरनेशनल चैलेंज का खिताब जीत लिया है। वर्ल्ड नंबर-132 तन्वी ने फाइनल में साउथ कोरिया की वर्ल्ड नंबर-82 किम मिन सन को 21-5, 21-6 से हराया। उन्होंने सिर्फ 32 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। यह तन्वी का पहला सीनियर इंटरनेशनल खिताब है। यह टूर्नामेंट में तन्वी की छठी जीत थी। पहले मैच को छोड़कर उन्होंने अपने सभी मुकाबले सीधे गेम में जीते। तन्वी ने फाइनल से एक दिन पहले सेमीफाइनल में कनाडा की टॉप सीड और वर्ल्ड नंबर-51 रेचल चैन को हराया था। उन्होंने यह मुकाबला 21-9, 21-19 से जीता। इस तरह तन्वी ने लगातार दो दिन टॉप-100 रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को शिकस्त दी। तन्वी ने इस सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पोंटियानक से पहले उन्होंने एंटिका सिंगापुर इंटरनेशनल चैलेंज में रनर-अप रहते हुए सिल्वर मेडल जीता था। उस फाइनल में उन्हें जापान की वर्ल्ड नंबर-55 मनामी सुजू ने तीन गेम में हराया था।

# एशिया कप- भारत ने थाईलैंड को 94 रन से हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

भारत ने विमेंस टी-20 एशिया कप में जीत से शुरूआत की है। टीम ने रविवार को थाईलैंड को 94 रन से हराया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में थाईलैंड 160 रन चेज करते हुए 16.1 ओवर में 65 रन पर ऑलआउट हो गई।

150वां मैच खेल रहीं दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके और कोई रन नहीं दिया। वे विमेंस टी-20 इंटरनेशनल की टॉप विकेट टेकर भी बन गई। नंदनी शर्मा ने भी 3 विकेट लिए। श्री चरणी ने 2 विकेट लिए।

प्लेयर ऑफ द मैच शेफाली शर्मा ने 36 बॉल पर 64 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। भारतीय टीम का दूसरा मैच 5 सितंबर को पाकिस्तान से इसी मैदान पर होगा।

रविवार को टीम इंडिया मजबूत शुरूआत के बावजूद 159 रन ही बना सकी थी। उसने आखिरी 46 रन बनाने में 8 विकेट गंवा दिए। इससे पहले टीम की टॉप-3 बैटर्स ने 105 रन बनाए। इनमें स्मृति मंधाना के 22, शेफाली वर्मा के 64 और प्रतिका रावल के 22 रन शामिल रहे। थाईलैंड की ओर से सुलेपॉर्न लाओमी ने 3 विकेट झटके।

**भारतः** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, प्रतिका रावल, हरमनप्रीत कौर, भारती फुलमाली, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, क्रांति गौड और नंदनी शर्मा।

**थाईलैंडः** अपिसरा सुवानचोनराठी, फन्निता माया, नन्नापत कोनचारोएनकाई (विकेटकीपर), नत्थाकन चन्थम, चनिदा सुथिरुआंग, नाओमी हैमिल्टन, सुलेपॉर्न लाओमी, नन्नाफट चाइहान, सुनीदा चतुरोंगरत्तना, ओननिचा कामचोम्फू और थिपाचा पुथावोंग (कप्तान)।

## खबर एक नजर...

### शहर से लेकर देहात तक रात 10.30 दुकाने बंद

**उज्जैन।** जिले में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस मैदान संभाल चुकी है। रविवार को दूसरी रात भी पुलिस ने मैदान संभाला और सड़को पर उतर गई। शहर से लेकर देहात थानों में रात 10.30 बजे दुकाने बंद कराई गई। जगह-जगह चैकिंग पाइंट लगाये गये और तलाशी अभियान शुरू किया गया। शहर में चैकिंग के दौरान 7 बदमाशों के पास से चाकू बरामद किये गये। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 15 चालकों को पकड़ा गया और धारा 185 की कार्रवाई की गई। 40 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की चालान काटे गये। शनिवार को भी पुलिस ने इसी तरह की कार्रवाई की थी। चैकिंग के साथ ही शहर में चाकूबाजी, चोरी, अवैध वसूली, हिस्ट्रीशिटर बदमाशों की धरपकड़ की गई और उनकी परेड कराई गई। 2 दिनों से चल रही पुलिस की कार्रवाई देख शहर के आम लोगों ने राहत की सांस ली है। इससे पहले कानीपुरा में दोहरा हत्याकांड सामने आया था, वहीं दमदमा में मामूली बात पर ट्रेक्टर शोरूम मालिक की हत्या कर दी गई थी। रास्ता मांगने पर महाकाल मंदिर सफाईकर्मी की रिक्शा रोक चाकू मार दिये गये थे। जिससे शहर में डर और दहशत का माहौल बनने लगा था।

### धोखाधड़ी करने वाले 6 आरोपियों को 10 साल की सजा

**उज्जैन।** वर्ष 2016 में चिटफंड कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण माधवनगर थाना पुलिस ने दर्ज किया था, जो न्यायालय में पिछले 9 सालों से विचाराधीन था। लम्बी चली सुनवाई के बाद पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार शर्मा ने शनिवार को फैसला सुनाते हुये कंपनी से जुड़े 6 संचालकों पूनमचंद पिता रणछोड़ पाटीदार 61 वर्ष निवासी इन्दौर हाल मुकाम झाबुआ, नानालाल पिता नारायण पाटीदार 58 वर्ष निवासी ग्राम बनी पेटलावद, जिला झाबुआ, प्रदीप पिता जगदीश पाटीदार 38 वर्ष निवासी खण्डवा, मोहनलाल पिता मेघराज पाटीदार 48 वर्ष निवासी संतनगर रतलाम, मीरा पति सुंदरसिंह नायक 50 वर्ष निवासी ग्राम रब्बापुर झाबुआ और रमेशचंद्र पिता प्रीतमलाल पाटीदार 54 वर्ष निवासी तिरूपतिनगर, रतलाम को धारा 409/34 भादवि में 10 वर्ष, 420/34 भादवि में 5 वर्ष की सजा से दंडित किया है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि माधवनगर थाना पुलिस को फरियादी मंगला, रेखा, कृष्णा, शिववती, गणेश पाल, सुनीता, साधना और राकेश ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2010 में 311 सिद्धि विनायक टावर शहीद पार्क स्थित चिटफण्ड कंपनी प्रज्ञा डोयरीज एंड एग्रो लि. कंपनी के संचालक और कर्ताधताओं ने बताया था कि कंपनी डोयरी प्राडक्ट का व्यापार करती है, रुपए जमा करेंगे तो डेढ़ गुना रूपया वापस मिलेगा, एफडी पांच साल डबल होगी। एक किश्त जमा होने के बाद सदस्य मृत्यु होती है तो संपूर्ण बीमा राशि का लाभ मिलेगा। विश्वास कर 40 लाख रुपए कंपनी में जमा किए थे। लेकिन कुछ साल बाद कंपनी पर ताला लगाकर सभी भाग निकले है। पुलिस द्वारा प्रकरण का अभियोग पत्र न्यायालय प्रस्तुत किया था। प्रकरण में अभियोजन पैरवीकर्ता राजेंद्र सिंह चौहान, अपर लोक अभियोजक एवं सहयोगी अजय कुमार पांडे अपर लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपियों को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है। प्रकरण में विवेचक निरीक्षक अनिल शुक्ला की विवेचना महत्वपूर्ण रही थी। मामले में अब भी 2 आरोपी अर्पित भावसार, चंचल सोनी फरार है।

### जीआरपी-आरपीएफ ने किया संयुक्त रात्रि रोलकॉल

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रात्रि रोलकॉल का आयोजन किया। एडीजी रेल राजाबाबू सिंह के निर्देशन और एसपी रेल इंदौर यशपाल सिंह राजपूत, एएसपी हेमंत चौहान व डीएसपी ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में यह रोलकॉल शनिवार रात जीआरपी थाना उज्जैन पर हुआ। रोलकॉल में जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता और आरपीएफ प्रभारी नरेंद्र यादव ने मौजूद जवानों को ट्रेनों और स्टेशनों पर अपराध रोकथाम को लेकर दिशा-निर्देश दिए। संदिग्धों पर निगरानी, वांछित अपराधियों की धरपकड़ और संयुक्त चेकिंग-गश्त पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि डायल-112, रेल मदद 139 और कंट्रोल रूम से मिलने वाली किसी भी सूचना को तुरंत आपस में साझा कर त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि यात्रियों को समय पर मदद मिल सके। रोलकॉल का मुख्य उद्देश्य दोनों एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर रेल परिसर में अपराधों पर नियंत्रण और यात्रियों को सुरक्षित माहौल देना है।

### बेसुध पड़ा मिला युवक अस्पताल में हुई मौत

**उज्जैन।** जहरीला पदार्थ खाने के बाद युवक ने मां को कॉल किया, मां ने पड़ोसी को घर जाने के लिये कहा। दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़ा गया तो युवक बेसुध हालत में पड़ा मिला। उसे चरक अस्पताल लाया गया, कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मामला जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के हरीनगर का है। यहां रहने वाले गौतम पिता राजेन्द्र शर्मा 28 साल ने रविवार शाम अहदाबाद गई मां को कॉल किया और बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है और मर रहा है। मां ने पड़ोस में रहने वाले शुभम को कॉल कर गौतम को देखने के लिये कहा। शुभम घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था, मामले की सूचना पुलिस को दी गई और दरवाजा तोड़ा गया। गौतम बेसुध हालत में पड़ा था, उसे चरक अस्पताल लाया गया, उसकी हालत गंभीर थी। डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया, मां के आने पर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया जा रहा था कि गौतम कारपेंटरी का काम करता था, उसकी तीन बहने है, घटना के समय गौतम घर पर अकेला था। उसने ऐसे कदम क्यों उठाया, जांच और परिजनों के बयान दर्ज होने पर स्पष्ट होगा।

1 2 3

---

#### नई पेयजल लाइन के चौडीकरण में पुराने रहवासी परेशान, गली में बडी लाइन एवं निचले क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर छोटी लाइन डाली

# पानी गंदा और बदबूदार और वह भी मात्र 15-20 मिनट, प्रेशर भी नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चौडीकरण में त्याग और समर्पण करने वाले नागरिकों के लिए नगर निगम आयुक्त की संवेदनशीलता को निचला अमला ठेंगा दिखा रहा है। वही किया जा रहा है जो मन में आ रहा है। निगमायुक्त तक समस्या पहुंचाने वालों को प्रताडित किया जा रहा है। ये हाल गेल इंडिया से नीलगंगा मार्ग पर पहली बार नहीं शुरूआत से ही चल रहे हैं। एक बार फिर से नल से जल के मामले में नई पेयजल लाईन से चौडीकरण के पुराने रहवासी परेशान हैं।

चौडीकरण से पिछले कई माहों से समस्याओं से ग्रस्त रहवासियों को अपने त्याग और समर्पण के बदले नगर निगम से उलट समस्या ही मिल रही है। गेल इंडिया से नीलगंगा मार्ग पर अव्वल तो धीमी गति से काम को अंजाम दिया जा रहा है। उसके बाद पुराने रहवासियों की अच्छी चल रही व्यवस्था को नई व्यवस्था में तब्दीली में नई समस्या खडी की जा



रही है। पूर्व में चौडीकरण की नपती में भी यही हाल रहवासियों के किए गए और इंजीनियरों ने आयुक्त के संज्ञान में मामला आने पर रहवासियों को धमकी तक देकर अपने हिसाब से काम किया है। यहां जेक वाले कुछ रहवासियों को येन केन प्रकारेण गफलत के साथ राहत दी गई है।

**नई पाईप लाईन,पुराने से बूरे हाल-** क्षेत्र में चौडीकरण के तहत नई पेयजल पाईप लाईन डाली गई है। इसमें रहवासियों को गली सहित मुख्य मार्ग पर कनेक्शन दिए गए हैं। जब से नई लाईन से कनेक्शन दिए गए हैं लोगों को पानी की जगह परेशानी हाथ लग रही है। रहवासियों का आरोप है कि क्षेत्रीय पीएचई उपयंत्री ओपी सिसौदिया रहवासियों का मोबाईल रिसिव नहीं करते हैं। पानी की परेशानी का निदान नहीं किया जा रहा है। अव्वल तो लाईन डालने में ही लेतलाली का काम किया गया। गड्ढे खोदकर पटक दिए गए और लाईन डालने का कई दिनों तक पता ही नहीं था। इसकी जानकारी आयुक्त को लगने पर लाईन डाली गई। उसके बाद कनेक्शन में भी रहवासियों को परेशानी उठाना पडी है।

**उपयंत्री बोले-गली में चौडी,मुख्यमार्ग पर सकरी लाईन-** पानी को लेकर चौडीकरण क्षेत्र के रहवासियों की परेशानी को लेकर उपयंत्री ओपी सिसौदिया से चर्चा किए जाने पर उनका कहना था कि गली उंचाई पर है वहां चौडी लाईन डाली गई है। मुख्यमार्ग पर सकरी लाईन का उपयोग किया गया है। लाईन नई है और अभी वैकल्पिक व्यवस्था है काम जारी है। पेयजल के काम की अभी पूर्णता नहीं हुई है। अभी सिर्फ राहत पूर्ति पेयजल मिल सके ऐसी व्यवस्था की गई है।

### अब तक सडक के अते-पते नहीं

गेल इंडिया से नीलगंगा के काम को करीब एक वर्ष होने को आया है लेकिन अब तक इस मार्ग पर चौडीकरण के हिस्से सहित सडक का निर्माण नहीं किया जा सका है। ठेकेदार की इस धीमी गति को निचले अधिकारी पूरी तरह से प्रश्रय दे रहे हैं और उच्च अधिकारियों को गफलत में रखा जा रहा है। यहां नाली निर्माण के हाल भी ऐसे ही रहे हैं। नाली निर्माण के बाद पाईप लाईन के लिए गड्डो की खुदाई की गई है। इससे एक नहीं दो-दो बार रहवासियों को किचड एवं गंदगी से दो झचार होना पडा है।

**क्षेत्र के चार हैंडपंप बंद-** चौडीकरण में मुख?यमार्ग के रहवासियों के मकान ही यहां नहीं आए हैं। इनके मकानों के साथ क्षेत्र के 4 से अधिक हैंडपंप भी आए हैं। इन हैंडपंपों को भी बंद करवा दिया गया है जिससे क्षेत्रीय रहवासियों की पानी की आपूर्ति की सहुलियतें सभी तरफ से बंद हो चुकी हैं।

### पाईप लाईन ऐसी की पानी से परेशानी

चौडीकरण किए गए गेल इंडिया से नीलगंगा मार्ग पर पीएचई विभाग ने पानी के लिए नई पाईप लाईन डाली है। यहां पर मुख्य मार्ग पर डाली गई नई पाईप लाईन में न तो प्रेशर रहवासियों को मिल रहा है। इसके साथ ही पानी बदबूदार एवं मटमैला ही सतत रूप से आ रहा है। पिछले 8 दिनों से क्षेत्र के रहवासी पानी को लेकर परेशान हैं। क्षेत्र में पीएचई के जिम्मेंदारों से मांगने पर भी टेंकर उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। पानी के लिए रहवासियों को ही परेशान होकर इधर उधर से पानी जुटाना पड रहा है।

---

#### ट्रेक्टर शोरूम मालिक की चाकू मारकर की थी हत्या

# बदमाशों को पुलिस ने दिखाया कानून के डंडे का खौफ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हार्न बजाकर साइड मांगने पर धमकी भरे अंदाज में 7 बदमाशों ने कहा था कि यह दमदमा है, हमारे बारे में पता कर लेना और ट्रेक्टर शोरूम मालिक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। रविवार को एक बार फिर पुलिस ने बदमाशों को दमदमा में कानून के डंडे का खौफ दिखाया।

ऋषिनगर में रहने वाला यश पिता विजयनारायण मित्तल 27 साल कृषि उपज मंडी में महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम संचालित करता था। गुरूवार-शुक्रवार रात 2 बजे दोस्तों के साथ कार से जिला पंचायत कार्यालय मार्ग दमदमा से गुजरते समय बीच रास्ते में बाइक लेकर खड़े 7-8 युवकों से हार्न बजाकर साइड मांगने पर बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हमले से पहले बदमाशों ने धमकी भरे अंदाज में यश और उसके दोस्तों से कहा था कि यह दमदमा है, हमारे बारे में यहा पता कर लेगा कौन है। माधवनगर थाना पुलिस ने 7 बदमाशों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुये चार आरोपियों सागर तनोरिया, विशाल ठाकुर, विजय ठाकुर और करण गाठिया को



शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया था। चारों के तीन साथी आकाश पिता दिनेश रायकवार, आयुष पिता लोकेश शर्मा और आयुष उर्फ सेंटू पिता सुरेश कुशवाहा फरार थे। जिनकी रविवार को गिरफ्तारी की गई। तीनों को दोपहर में दमदमा उसी स्थान पर ले जाया गया, जहां धमकी भरे अंदाज में अपने बारे में पता करने की बात कहीं थी, पुलिस ने उनके अंदाज में ही तीनों को कानून के डंडे का खौफ दिखाया। हथकड़ी में जकड़े तीनों बदमाशों को लगड़ाते-चिखते देख लोगों की भीड़ जमा हो गई, बदमाशों का पुलिस हिरासत में अंजाम देख लोगों ने उनके वीडियो बना लिये। रविवार को तीनों बदमाशों का सबक सिखाने से पहले उनके 3 साथियों को शनिवार दोपहर दमदमा में कानून का खौफ दिखाया गया था। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि विवाद होने के बाद यश पर चाकू से हमला आशुष शर्मा ने किया था। उसकी निशानदेही पर चाकू बरामद कर लिया गया है। उसके साथियों ने यश के दोस्तों से मारपीट की थी और कार पर पथराव कर कांच फोड़े थे। थाना प्रभारी के अनुसार सोमवार दोपहर सातों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

### मंदिर कर्मचारी को चाकू मारने वाले हिरासत में

महाकाल थाना क्षेत्र के धनुष द्वार पर शनिवार रात महाकाल मंदिर में सफाई का काम देखने वाली केएसएस कंपनी कर्मचारी उमेश टाटावत निवासी रंजीत हनुमान नागतलाई को गोगादेव छड़ी निशान जुलूस में शामिल 3 से 4 युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया था। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि घटना के बाद घायल के बयान दर्ज किये गये थे। वही धनुष द्वार से महाकाल लोक की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे कैमरे देखे गये। छड़ी निशान जुलूस का पता किया जो 12 खोली क्षेत्र से निकाला गया था। जुलूस निकालने वालों से पूछताछ की गई और कैमरों के फुटेज दिखाये गये। जिसमें चाकू मारने वाले 3 युवकों अर्पित पिता आशीष, बाबू पिता संतोष निवासी 12 खोली और रौनक पिता कैलाश निवासी इंदौर की पहचान हो गई। तीनों को हिरासत में लिया गया और उसी स्थान पर जुलूस निकाला जहां चाकू मारे थे। बताया जा रहा है कि घायल कर्मचारी ने जाने के लिये रास्ता मांगा था, जिस पर रौनक ने दोनों साथियों के साथ मिलकर चाकू मार दिया था। बदमाशों को पुलिस हिरासत और उठक-बैठक लगाते देख क्षेत्र के लोगों ने जमकर तालियां बजाई। तीनों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

---

# उड़ीसा से गांजा तस्कर को लाया गया उज्जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कार सवार युवकों के पास से मिले 53.327 किलोग्राम गांजा उपलब्ध करने वाले तस्कर को उड़ीसा से गिरफ्तार कर रविवार सुबह उज्जैन लाया गया। जिसे सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

चिमनागंज थाना पुलिस ने 22 अगस्त की रात कानीपुरा पर घेराबंदी करते हुये बिना नम्बर की हुंडई ऑरा कार को पकड़ा था। जिसमें सवार तीन युवक आदर्श नायक ग्राम इटावा तराना हाल मुकाम राज रॉयल कालोनी, तेजस वर्मा देवनगर आगररोड और साहिल हैला निवासी बड़ा मोहल्ला पानबिहार को हिरासत में लेकर उनकी कार की डिक्की में रखे 53.327 किलो ग्राम गांजे के 25 पैकेट बरामद किये थे। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से 31 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में तीनों ने उड़ीसा के भुवनेश्वर में रहने वाले सचिन पिता प्रकाशचंद्र डिगल से गांजा लेकर आना कबूल किया था। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने एक टीम गांजा तस्कर की तलाश में उड़ीसा भेजी थी, जहां से रविवार को सचिन डिगल को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। बताया जा रहा है कि तस्कर सचिन पूर्व में भी युवकों को गांजा उपलब्ध करा चुका था, एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार तीनों युवकों का सोमवार को रिमांड खत्म हो रहा है। उनके साथ गांजा उपलब्ध कराने वाले कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगा जायेगा।

**तीन युवकों से मिला था 53.327 किलोग्राम**

---

## कैमरे से खुला विक्षिप्त के साथ हुई चाकूबाजी का राज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मोहननगर में रविवार शाम विक्षिप्त को चाकू मारकर घायल करने की खबर से हडकंप मच गया था। विक्षिप्त के गले पर गहरा घाव लगा था। तीन नाबालिगों द्वारा वार किया जाना सामने आया। पुलिस ने जांच शुरू की तो विक्षिप्त की करतूत कैमरे में दिखाई दी। एक नाबालिग को कस्टडी में लिया गया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के मोहननगर में रहने वाला हैदर पिता माशूक अली 30 साल दिमागी रूप से कमजोर है, शाम को उसे घायल हालत में बहन रानी चरक अस्पताल लेकर पहुंची और बताया कि 3 युवकों ने चाकू से हमला किया है। गर्दन पर नुकीली चीज से गहरा घाव होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज करने का प्रयास किया वह कुछ बोलने को तैयार नहीं था, परिजनों ने भी घटना से अनभिज्ञता जताई। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया को घटनाक्रम पता चला तो वह मोहननगर पहुंचे। जहां 3 नाबालिगों द्वारा मारने की बात सामने आई, नाबालिगों की पहचान करने पर 2 मोहननगर और एक सम्राटनगर का होना बताया गया। थाना प्रभारी की टीम ने एक नाबालिग को कस्टडी में ले लिया। उसने चाकू मारने की बात से इंकार किया, थाना प्रभारी ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। कुछ देर में पूरा घटनाक्रम सामने आ गया। घायल हैदर 2-3 लोगों के साथ पैदल जाता दिखाई दिया। कुछ दूरी पर नाबालिग बैठे थे, हैदर दौड़ता हुआ नाबालिगों के पास पहुंचा और को उठाकर जमीन पर पटक दिया।

## उज्जैन के पांच साहित्यकारों का होगा सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश लेखक संघ भोपाल द्वारा वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी ने साधारण सभा की बैठक में चयनित 30 साहित्यकारों के नामों का ऐलान किया। इस सूची में उज्जैन के पांच वरिष्ठ साहित्यकारों का चयन किया गया है, जो शहर की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और सक्रियता को दर्शाता है। मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन इकाई के सचिव हरीशकुमार सिंह ने बताया कि मालवी कवि व साहित्यकार शिव चौरसिया तथा विक्रम विश्वविद्यालय हिंदी अध्ययन शाला के पूर्व अध्यक्ष हरिमोहन बुधौलिया को प्रतिष्ठित सारस्वत सम्मान से नवाजा जाएगा।

# मोतीबाग कालोनी के तीन मकानों में लाखों की चोरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र की कालोनियों में चोर शनिवार को वारदात करने पहुंचे रहे है। एक बार फिर शनिवार रात चोरों ने मोतीबाग कालोनी के 3 मकानों का ताला तोड़ा और आभूषणों के साथ कीमती सामान चोरी कर लिया। इस बार भी चार बदमाशों के फुटेज सामने आना बताया जा रहा है।

इंदौर रोड पर मोतीबाग कालोनी में रविवार सुबह रक्षाबंधन बनाने के लिये शहर से बाहर गये 3 परिवार लौटते तो उनके मकानों का ताला टूटा होना सामने आया। अंदर सामान बिखरा हुआ था, अलमारी के लॉकर खुले पड़े थे। आभूषणों के साथ कीमती सामान गायब था। मामले की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच के लिये पहुंची, इस दौरान सामने आया कि चोरों ने ताला तोड़ने के बाद सोने-चांदी के आभूषण, भगवान की प्रतिमाएं, नगदी और कीमती सामान पर हाथ साफ किया है। पुलिस टीम ने मकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। जिसमें सामने आया कि चार बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया है, जिनके चेहरे पर नकाब बंधा हुआ था और हाथों में ताले तोड़ने के औजार है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि चोरी की पहली वारदात अमित पिता स्वर्गीय ओम मिश्रा के मकान में सामने आई। वह होम लोन कंस्लटेंसी का काम करते है और परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाने के लिये इंदौर गये थे। दूसरी वारदात स्टेनरी, जनरल स्टोर दुकान संचालित करने वाले समीर पिता सुनील रणाडे के यहां हुई। समीर परिवार के साथ महेश्वर गये थे, चोरों ने तीसरी वारदात सविता पति आनंद ठाकुर के मकान में की, सविता के पति विदेश में है और वह अपने भाई के यहां रक्षाबंधन मनाने के लिये मुम्बई गई हुई थी। तीनों मामलो में चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, चोरी गये सामान का आकंलन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों मकानों में हुई चोरी की वारदात करीब 40 लाख से अधिक की हो सकती है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कृष्णा परिसर में 1 अगस्त की रात चोरी होना सामने आया था, उस दिन भी शनिवार था, बदमाशों ने कृष्णा परिसर में भी 3 मकानों को निशाना बनाया था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com